दैनिक
# बुद्ध का संदेश
हिन्दी समाचार पत्र
एक विश्वास....
अनुपमा की किंजल बनने वाली ...8
सिद्धार्थनगर
मंगलवार, 05 मई 2026
वर्षः 13 अंक : 136 पृष्ठः 8
आमंत्रण मूल्य 2/–रुपया
लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, रामपुर, रायबरेली, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।
सम्पादक : राजेश शर्मा
दैनिक बुद्ध का संदेश 8795951917, 9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

# बंगाल में पहली बार भाजपा सरकार

## तमिलनाडु में विजय की विक्ट्री, केरल में यूडीएफ को बहुमत, असम में बीजेपी की हैट्रिक

नई दिल्ली। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने कई स्थापित राजनीतिक समीकरणों को उलट दिया है। बंगाल की राजनीति में बड़ा परिवर्तन हुआ है, जहां ऐतिहासिक जीत के साथ भाजपा की पहली बार सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। पार्टी ने 200 के आंकड़े को भी पार कर लिया और ममता बनर्जी की पार्टी दो अंकों में सिमट गई। तमिलनाडु में अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी टीवीके चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को स्पष्ट बढ़त मिली है, जबकि असम और पुडुचेरी में भाजपा ने अपनी सत्ता बरकरार रखी है। इन चुनावों ने राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की बढ़ती ताकत, क्षेत्रीय दलों की चुनौतियां और कांग्रेस की सीमित वापसी को स्पष्ट रूप से सामने रखा है। नतीजों ने वाम दलों को पूरी तरह हाशिये पर धकेल दिया है। अब पूरे देश में सत्ता से उनका सफाया हो गया है।



**बंगाल में 200 के पार भाजपा**

बंगाल में 294 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा ने दो सौ का आंकड़ा पार कर अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। यह राज्य की राजनीति में निर्णायक मोड़ माना जा रहा है। लंबे समय से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस इस बार सौ के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी। सीमावर्ती, आदिवासी व औद्योगिक क्षेत्रों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला, जबकि तृणमूल कांग्रेस शहरी व कुछ ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित रह गई। चुनाव प्रचार के दौरान ध्रुवीकरण, मतदाता सूची और ईवीएम सुरक्षा जैसे मुद्दों ने माहौल को तनावपूर्ण बनाए रखा। हालांकि हार के बाद ममता बनर्जी ने मतगणना प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। समाचार लिखे जाने तक भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी भवानीपुर में ममता बनर्जी से मामूली अंतर से आगे चल रहे थे, वहीं नंदीग्राम से उन्होंने जीत हासिल कर ली थी।

**तमिलनाडु में विजय की पार्टी को मिली सबसे ज्यादा सीटें**

तमिलनाडु में 234 सीटों के चुनाव में विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे बड़ा उलटफेर किया। बहुमत के लिए जरूरी 118 सीटों के आंकड़े की ओर बढ़ते हुए टीवीके ने द्रविड़ राजनीति के पारंपरिक द्विध्रुव को तोड़ दिया है। द्रमुक एवं अन्नाद्रमुक दोनों ही पीछे छूट गए। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अपनी सीट तक नहीं बचा सके। विजय की नई छवि, संतुलित बयानबाजी और लोकलुभावन वादों ने मतदाताओं को आकर्षित किया है। एमजीआर और जयललिता के बाद यह पहला अवसर है जब किसी फिल्मी व्यक्तित्व को इतनी व्यापक राजनीतिक स्वीकृति मिली है

केरल में **UDF** को बहुमतः केरल में दस वर्षों के बाद सत्ता परिवर्तन के संकेत स्पष्ट हैं। कांग्रेस नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने बहुमत की ओर बढ़त बनाई है। यहां लंबे समय से वामपंथी एलडीएफ की राजनीति मजबूत थी, जो इस बार पूरी तरह पिछड़ गया। हालांकि नतीजे बता रहे हैं कि कांग्रेस को सुकून से सरकार बनाने–चलाने के लिए सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के समर्थन पर निर्भर रहना पड़ेगा। यूडीएफ के बहुमत में आते ही वाम दलों का देश में आखिरी मजबूत गढ़ भी कमजोर हो गया है। यहां यूडीएफ के 21 में से 13 मंत्री चुनाव हार गए, हालांकि मुख्यमंत्री पी. विजयन जीत गए हैं। हार के बाद उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

**असम में बीजेपी की हैट्रिक**

असम में भाजपा ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी कर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली है। 126 सीटों वाली विधानसभा में पार्टी ने सहयोगियों के साथ मिलकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त कर लिया है। हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व में सरकार ने विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं और घुसपैठ के मुद्दे पर निर्णायक काम किया था। इसके सामने कांग्रेस पूरी तरह पिछड़ गई और उसके मुख्यमंत्री पद के दावेदार गौरव गोगोई को भी हार का सामना करना पड़ा। वहीं हिम्मंत ने छठी बार जीत हासिल की है। भाजपा ने पूरे चुनाव के दौरान सहयोगी दलों के साथ संतुलन बनाए रखा, जिसका लाभ मिला। पुडुचेरी में भी राजग ने अपना प्रदर्शन दोहराते हुए सत्ता बरकरार रखी।

## पश्चिम बंगाल में बीजेपी की जीत ऐतिहासिक, रवि किशन बोले– भय के संसार से मिली मुक्ति

भाजपा सांसद रवि किशन ने सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे श्ऐतिहासिकश बदलाव बताया और दावा किया कि राज्य ने सफलतापूर्वक खुद को ष्भय के संसारष से मुक्त कर लिया है। एएनआई से बात करते हुए, अभिनेता–राजनेता ने इस जीत का श्रेय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा रणनीतिक रूप से बलों की तैनाती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ष्सनातनष आस्था के सामूहिक उभार को दिया। किशन ने कहा कि मां दुर्गा के आशीर्वाद से बंगाल ने अपनी पहचान पुनः प्राप्त कर ली है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक है। पूरे बंगाली समाज ने प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति वहां जाकर बलों की तैनाती के उनके निर्णय पर विश्वास दिखाया है। हर बंगाली हिंदू और बंगाली सनातनी उस भय के संसार से खुद को मुक्त करना चाहता था... मां दुर्गा की शक्ति से बंगाल ने अपनी पहचान पुनः प्राप्त कर ली है... मैं इसके लिए पूरे भारत को बधाई देता हूं।

## असम की जीत पर सीएम धामी का बड़ा बयान, विकास को मिला जनादेश, तुष्टीकरण की हुई हार

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को कहा कि असम की जनता ने विकास और राष्ट्रीय हित के लिए स्पष्ट जनादेश दिया है, जिसके चलते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्य में सत्ता बरकरार रखने के लिए तैयार है। असम विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना फिलहाल जारी है। चुनाव आयोग के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने छह सीटें जीती हैं और 75 सीटों पर आगे चल रही है, जबकि कांग्रेस 20 सीटों पर आगे है। असम में कुल 126 विधानसभा सीटें हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर मुख्यमंत्री धामी ने लिखा कि विकास और विश्वास ने इतिहास रच दिया है, असम में लगातार तीसरी बार कमल खिला है। उन्होंने असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत पर असम की जनता और सभी समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई और असीम शुभकामनाएं भी दीं।

## चुनावी जीत पर बीजेपी का मीठा जश्न, दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने सचिवालय में बांटी झालमुड़ी और रसगुल्ला

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के मंत्रियों ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में रसगुल्ला और झालमुरी बांटकर चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा–एनडीए की विधानसभा चुनाव में मिली सफलता का जश्न मनाया। दिल्ली के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक वीडियो में मुख्यमंत्री गुप्ता और मंत्रियों को सचिवालय परिसर में पारंपरिक मिठाइयों और नाश्ते का आनंद लेते हुए दिखाया गया है। पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और असम में भाजपा–एनडीए के मजबूत प्रदर्शन का संकेत देने वाले सकारात्मक मतगणना रुझानों के बाद जश्न मनाया गया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पश्चिम बंगाल के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार भी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में पार्टी की आरामदायक बहुमत की जीत का जश्न मनाने में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। एएनआई से बात करते हुए मजूमदार ने कहा कि मतदान रुझान राज्य में भाजपा सरकार के गठन का संकेत दे रहे हैं। पश्चिम बंगाल में 'राम राज्य' आ गया है।

## तकनीक और वीरता का बेजोड़ संगम, राजनाथ सिंह ने सेना की क्षमता को सराहा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को श्ऑपरेशन सिंदूरश को भारतीय सैन्य इतिहास का एक श्अद्वितीयश अध्याय करार दिया। ऑपरेशन की पहली वर्षगांठ (7 मई) से कुछ दिन पहले उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि इस अभियान ने न केवल आतंकी समूहों और उनके आकाओं पर निर्णायक प्रहार किया, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की उन्नत सैन्य तकनीक का लोहा भी मनवाया। पिछले साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 7 मई को श्ऑपरेशन सिंदूरश शुरू किया था। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों ने ''धैर्य'' दिखाते हुए आतंकी ढांचे को नष्ट करने में दक्षता दिखाई। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की क्षमताओं का एहसास कराया। भारत ने पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस अभियान का लक्ष्य पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में स्थित आतंकी ढांचे को निशाना बनाना था। इन हमलों के कारण चार दिन तक भीषण सैन्य संघर्ष हुआ और इसे 10 मई को रोकने पर सहमति बनी। सिंह ने कहा, ''हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों और उनके आकाओं को जो निर्णायक जवाब दिया, उससे पूरा देश गौरवान्वित हुआ। अच्छी बात थी कि हमने धैर्य दिखाया



और केवल आतंकवादियों को तबाह कियाय अन्यथा, पूरी दुनिया जानती है कि हमारे सशस्त्र बल क्या करने में सक्षम हैं।'' रक्षा मंत्री ने इस अभियान को तकनीक के उपयोग का एक अनूठा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, "इस अभियान में आकाश और ब्रह्मोस जैसी उन्नत मिसाइल प्रणालियों के साथ–साथ कई नवीनतम उपकरणों का इस्तेमाल किया गया।'' सिंह ने कहा, "इससे साबित होता है कि हमारी सेनाएं बदलावों को समझती हैं और आत्मविश्वास के साथ उनका उपयोग करती हैं।" वर्तमान भू–राजनीतिक माहौल का हवाला देते हुए रक्षा मंत्री ने सेना के लिए सतर्क रहने और बदलते परिवेश के अनुकूल ढलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, "आज के जटिल और तेजी से बदलते परिवेश में आगे बढ़ने का एक ही मंत्र हैरू अनुकूलनशीलता। बदलती परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।" उन्होंने किसी भी संभावित राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती के लिए "सक्रियता से तैयारी" का आह्वान किया। सिंह ने कहा, "जब मैं सक्रियता से तैयारी की बात कर रहा हूं, तो इसका एक और महत्वपूर्ण पहलू है – हैरत में डालने वाला तत्व। हमें ऐसी क्षमताएं भी विकसित करने की आवश्यकता है ताकि जरूरत पड़ने पर हम ऐसी कार्रवाई कर सकें जिसके बारे में दुश्मन ने कभी सोचा भी न हो।" उन्होंने कहा, "वे हैरान रह जाएं। इतिहास गवाह है कि युद्ध में निर्णायक बढ़त हमेशा उसी के पास होती है जिसके पास हैरत में डालने की खूबी हो। मुझे पता है कि हमारी सशस्त्र सेनाएं इस दिशा में काम कर रही हैं।" रक्षा मंत्री ने कहा, "लेकिन हमें और भी अधिक सक्रिय होने और इस दिशा में काम जारी रखने की आवश्यकता है।

## केरल में कांग्रेस की बड़ी जीत के बाद सीएम कौन?

### सचिन पायलट ने बताया राहुल–खड़गे का प्लान

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सोमवार को केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) की व्यापक जीत का संकेत देने वाले नवीनतम रुझानों की प्रशंसा करते हुए घोषणा की कि पार्टी राज्य में निर्णायक और ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है। एएनआई से बात करते हुए, पायलट ने राज्य चुनावों में एकजुट प्रयास के लिए कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और वामपंथी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए केरल की जनता को श्रेय दिया। सचिन पायलट ने कहा कि वर्तमान संकेत बताते हैं कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ केरल में निर्णायक और ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रहा है३ मुझे अब भी विश्वास है कि हमें भारी



बहुमत मिलेगा और जब हम जीतेंगे, तो इस जीत का श्रेय केरल की जनता को जाएगा जिन्होंने वामपंथी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया३ केरल की जनता, हमारे कार्यकर्ताओं और हमारे नेताओं ने एकजुट होकर लड़ाई लड़ी और भाजपा द्वारा यूडीएफ को सत्ता में आने से रोकने के लिए एलडीएफ की परोक्ष रूप से मदद करने की जो राजनीतिक चाल चली जा रही थी, वह विफल हो गई है। केरल में संभावित जीत के बाद मुख्यमंत्री की नियुक्ति के संबंध में पायलट ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) कुछ ही दिनों में फैसला लेगी। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खर्गे और अन्य वरिष्ठ नेता अंतिम निर्णय लेने से पहले सभी पार्टी नेताओं से सामूहिक रूप से राय लेंगे। उन्होंने कहा कि हम अपने सहयोगियों से बात करेंगे, नेतृत्व विधायकों से परामर्श करेगा। एआईसीसी राय लेने के लिए व्यक्तियों को नियुक्त करेगी। यह सब अगले कुछ दिनों में होगा३ एआईसीसी फैसला करेगी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खर्गे, मैडम गांधी सभी नेताओं से सामूहिक रूप से राय लेंगे। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के नवीनतम रुझानों के अनुसार, कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ केरल की 140 सीटों में से 50 पर जीत हासिल कर चुका है और 13 सीटों पर आगे चल रहा है। सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) पांच सीटों पर आगे चल रहा है और 21 सीटों पर जीत हासिल कर चुका है, जबकि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) वर्तमान में 10 सीटों पर आगे है और 12 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है।

## केरल में यूडीएफ की ऐतिहासिक जीत पर बोले शशि थरूर– यह हमारी उम्मीदों से कहीं ज्यादा है

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को केरल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों को कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) के लिए ष्ऐतिहासिकष और ष्शानदारष जनादेश बताया। रुझानों से संकेत मिल रहे हैं कि कांग्रेस को भारी जीत मिलेगी और एक दशक बाद सत्ता में वापसी होगी। यहां पत्रकारों से बात करते हुए थरूर ने कहा कि जीत का पैमाना उम्मीदों से कहीं अधिक था और यह मतदाताओं में राजनीतिक बदलाव की प्रबल इच्छा को दर्शाता है। थरूर ने कहा, यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है। यह एक शानदार जीत है... हमारी उम्मीदों से भी कहीं अधिक। हम केरल में एक अद्भुत परिणाम देख रहे हैं, संभवतः 100 से अधिक सीटें। उन्होंने कहा कि यह परिणाम भारत के राजनीतिक परिदृश्य



में एक महत्वपूर्ण बदलाव ला सकता है और केरल में वामपंथियों का पतन उनके अंतिम प्रमुख गढ़ के अंत का संकेत होगा। उन्होंने कहा कि कुछ मायनों में यह भारत के लोकतांत्रिक राजनीतिक इतिहास के एक बड़े अध्याय का समापन है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 140 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। शुरुआती रुझानों में यह मुख्यमंत्री पिनारयी विजयन के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) से काफी आगे दिख रहा है।

## देश का राजनीतिक मैप बदला, पश्चिम बंगाल जीत की ओर रवानगी के साथ 21 राज्यों में एनडीए का परचम लहराया

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में मतगणना के मौजूदा रुझान जारी रहने पर भारतीय जनता पार्टी आसानी से बहुमत का आंकड़ा पार कर 147 सीटें जीत लेगी और पश्चिम बंगाल की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। इससे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) द्वारा शासित राज्यों की संख्या बढ़कर 21 हो जाएगी। इस बीच, केंद्र में प्रमुख विपक्षी गठबंधन, इंडिया ब्लॉक ने तमिलनाडु में संभावित हार के बावजूद केरल में जीत हासिल



करते हुए देश भर के छह राज्यों में अपना नेतृत्व बरकरार रखा है। केरल में निर्णायक प्रदर्शन के बावजूद, चुनाव परिणामों ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल छा दिए हैं। पश्चिम बंगाल में जीत के बाद भाजपा स्वयं 15 राज्यों में स्वतंत्र रूप से सरकार बनाएगी, जबकि बिहार (जेडीयू के साथ), आंध्र प्रदेश (टीडीपी के साथ), नागालैंड (नागा पीपुल्स फ्रंट के साथ) और मेघालय (नेशनल पीपुल्स पार्टी के साथ) में गठबंधन के कारण गठबंधन की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। तमिलनाडु में डीएमके–कांग्रेस गठबंधन को सत्ता से बेदखल कर दिया गया है, जहां तमिल वेट्री कजगम (टीवीके) के नेता विजय ने नए श्जना नायकश के रूप में सत्ता संभाली है। वहीं, केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) सरकार बनाने के लिए तैयार है। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा परिणामों की घोषणा के बाद, कांग्रेस को केवल तीन राज्यों – कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बहुमत प्राप्त है।

## बारामती की जीत पति अजीत पवार को समर्पित

### भावुक सुनेत्रा पवार बोलीं– जश्न नहीं, संयम बरतें

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने सोमवार को कहा कि बारामती की जनता ने अपने वोटों के माध्यम से जो विश्वास दिखाया है, वह दिवंगत अजीत पवार की पवित्र स्मृति को समर्पित है। एक पोस्ट में पवार ने कहा कि बारामती विधानसभा उपचुनाव के परिणामों की घोषणा ने अजीत पवार की यादें ताजा कर दी हैं, जिससे सभी भावुक हो गए हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों से, जो उनके प्रति गहरी श्रद्धा रखते थे, उन्होंने अपील की कि कोई विजय रैली न निकाली जाए और जश्न में गुलाल न उछाला जाए। उन्होंने कहा आइए हम संयम बरतें और



उनके आदर्शों के अनुरूप आचरण करें। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सुनेत्रा पवार ने बारामती की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उन्हें पूर्व उपमुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र के लिए उनके दृष्टिकोण को साकार करने का अवसर दिया। उन्होंने कहा, यह अंत नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, संघर्ष और एक नई बारामती की शुरुआत है। उन्होंने जनता को यह आश्वासन भी दिया कि वे अजीत पवार द्वारा परिकल्पित बारामती के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। कर्नाटक, नागालैंड, गुजरात और महाराष्ट्र में आज मतगणना हुई, जहां पिछले महीने मौजूदा विधायकों के निधन के बाद उपचुनाव हुए थे। बारामती में उपचुनाव 23 अप्रैल को अजीत पवार के इस साल की शुरुआत में विमान दुर्घटना में निधन के कारण रिक्त हुई सीट के लिए हुए थे। शिवसेना नेता शायना एनसी ने बारामती विधानसभा उपचुनाव को दिवंगत अजीत पवार और सुनेत्रा पवार द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर एक महत्वपूर्ण जनमत संग्रह बताया।

# पांच राज्यों के चुनाव परिणामः राष्ट्रवाद और विकास की जीत, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व पर जनता का अटूट विश्वास

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री विवेकानंद मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को भाजपा कार्यालय पर पांच राज्यों के चुनाव परिणामों के उपलक्ष्य में भव्य 'विजय उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा आतिशबाजी कर जीत की खुशी साझा की। उत्साह से ओतप्रोत कार्यकर्ताओं ने लाल बहादुर शास्त्री चौक तक पदयात्रा निकालते हुए गगनचुंबी नारे लगाए और गुलाल उड़ाकर विजय का उत्सव मनाया। स्थानीय नागरिकों ने भी अपने घरों से निकलकर इस जश्न में सहभागिता की। कार्यकर्ताओं ने असम प्रभारी हरीश द्विवेदी के समर्थन में जोरदार जयघोष किया। असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में प्रचंड जीत तथा केरल और तमिलनाडु में भाजपा के उल्लेखनीय प्रदर्शन को ऐतिहासिक बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि बंगाल का चुनाव उत्तर प्रदेश के लिए 'सेमीफाइनल' माना जा रहा था और इस विजय ने वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा की मजबूत स्थिति को स्पष्ट कर दिया है। असम प्रभारी हरीश द्विवेदी ने अपने संदेश में कहा कि यह जीत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है तथा 2014 से अब तक भाजपा को मिल रहे जनादेश अभूतपूर्व हैं। जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने इन चुनाव परिणामों को 'विकासवाद' की जीत और 'तुष्टिकरण की राजनीति' की करारी हार बताया। उन्होंने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र और अंत्योदय के संकल्प के साथ दृढ़ता से खड़ी है। पश्चिम बंगाल के परिणामों को उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती और परिवर्तन की लहर का प्रतीक बताया, वहीं केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में बढ़ते जनाधार को भाजपा के सर्वव्यापी विस्तार का संकेत कहा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सफलता भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। इस अवसर पर गिल्लम चौधरी, अंकुर वर्मा, परमेश्वर शुक्ल, अमृत कुमार वर्मा, तारक जायसवाल, गजेन्द्र त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ल, सतीश सोनकर, अजय पाण्डेय, ब्रह्मदेव यादव, शिवानी सिंह, शालिनी मिश्र, मीना पाण्डेय, अभिषेक कुमार, विद्या मणि सिंह, सुरेंद्र चौधरी, गजेंद्र सिंह गहमरी, विनय यादव, अजय पाल राजन, संध्या दीक्षित, मनमोहन काजू, शिवाप्रसाद चौधरी, दीपक उपाध्याय, डॉ. अरविंद, अभिषेक पाण्डेय, सचिन सिंह, गौरव अग्रवाल, आदित्य, दिव्यांशु दुबे, सुभाष श्रीवास्तव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, राजन कन्नौजिया, आकाश गुप्ता, कुन्दन वर्मा, दीपक सोनी, राकी सोनी, राकेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# पश्चिम बंगाल, असम में भाजपा की प्रचंड जीत पर जश्न, अखिलेश चौधरी 'विक्की' ने बांटी मिठाइयां

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। सोमवार को चुनाव परिणाम सामने आते ही भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं के चेहरे खिल गये। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अखिलेश चौधरी 'विक्की' ने गौरा स्थित अपने निज निवास पर पश्चिम बंगाल और असम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर क्षेत्र में लोगों के बीच मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया गया। अखिलेश चौधरी 'विक्की' ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता के भरोसे का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश भर में विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए जो कार्य किए हैं, उसी का परिणाम है कि जनता ने पश्चिम बंगाल में पूर्ण बहुमत की सरकार और असम में एक बार फिर पार्टी को अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि इसी उत्साह और ऊर्जा के साथ आगे भी जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाएं और संगठन को और मजबूत बनाएं। खुशियों को साझा करने के मौके पर सूरज चौधरी अमरजीत गुप्ता,मुना माइकल,मनीष पांडेय,रामजनम चौधरी,अरमान खान,पंकज चौधरी,आदित्य चौधरी,पवन चौधरी,बब्लू चौधरी के साथ ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने जीत की खुशी में जमकर जश्न मनाया।



# बस्ती जनपद के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय वशिष्ठ महोत्सव मंगलवार से-राना दिनेश प्रताप सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। बस्ती जनपद के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय वशिष्ठ महोत्सव मंगलवार से शुरू होगा। महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकार कोलकाता और लखनऊ से बस्ती पहुंच चुके है। प्रदेश के प्रत्येक जनपदों से बालक बालिका खो खो खिलाड़ियों की टीमें अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुकी हैं। एक दर्जन से ज्यादा हैंडबॉल, वालीबाल और कबड्डी की टीमों ने अपना रजिस्ट्रेशन पहले ही करा लिया है। अमर शहीद सत्यवान सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इस समारोह में प्रथम दिन अपराह्न 03 बजे से राज्य स्तरीय खो खो तथा जनपदीय हैंडबॉल, वालीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं का मुकाबला प्रारम्भ होगा। सायं 06 बजे कवि सम्मेलन और रात्रि 08 बजे से भव्य सांस्कृतिक संध्या होगी। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि 06 मई को सुबह 09 बजे से खेलों का सेमी फाइनल मैच होगा। उसी दिन सायं 06 बजे महर्षि वशिष्ठ आश्रम बढ़नी मिश्र में दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 07 बजे से स्टेडियम स्थित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे। श्री राना ने बताया कि 07 मई को सुबह 09 बजे से खेलों का फाइनल मैच होगा और अपराह्न 03 बजे सांस्कृतिक कार्यकमों के बीच पुरस्कार वितरण और समापन समारोह सम्पन्न हो जाएगा।



उन्होंने महर्षि वशिष्ठ की तपोभूमि बस्ती के स्थापना दिवस पर आयोजित वशिष्ठ महोत्सव में जनपद वासियों से सपरिवार पहुंचने की अपील किया है।

# दुष्कर्म के आरोप वाला वायरल वीडियो निकला मनगढ़ंत, पुलिस ने तीन युवकों को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिले के कठेला समय माता थाना क्षेत्र से जुड़ा एक महिला का वायरल वीडियो, जिसमें दो युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था, जांच में मनगढ़ंत पाया गया है। पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद सच्चाई सामने लाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, 24 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें एक महिला दो युवकों पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए दिखाई दे रही थी। हालांकि, पुलिस की जांच में यह वीडियो पूरी तरह से झूठा और गढ़ा हुआ पाया गया। पुलिस के मुताबिक, केवड़िया गांव निवासी महिला पिछले तीन महीनों से कठेला समय माता थाना क्षेत्र के एक गांव में किराए के कमरे में रह रही थी। घरेलू विवाद के चलते वह अपने पति से अलग रह रही थी।

पहले वह ऑर्केस्ट्रा पार्टी में कार्य करती थी, लेकिन बाद में उसने मसाज और ब्यूटी पार्लर का काम शुरू कर दिया। जांच में सामने आया कि महिला ने आपसी रंजिश के चलते अपने साथी के साथ मिलकर यह फर्जी वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में उसने पुलिस और यूपीसीएम से शिकायत करने की बात भी कही थी, जबकि वास्तव में ऐसी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। कठेला समय माता थाना प्रभारी विजयकुमार अरुण ने बताया कि मामले की जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया कि आरोप निराधार हैं। महिला की तहरीर के आधार पर 25 अप्रैल को तीन युवकों के खिलाफ धारा 170, 126 और 135 बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले वीडियो की सत्यता की पुष्टि किए बिना उस पर विश्वास न करें।

# तेज रतार का कहरः सड़क हादसे में युवक की मौत, पिता घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र में तेज रतार का कहर देखने को मिला, जहां सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसके पिता घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, इटवा थाना क्षेत्र के रमवापुर निवासी रामसेवक ने तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र शिवम (18) शुक्रवार को उन्हें बाइक से सहिजनवा गांव एक विवाह समारोह में शामिल होने ले जा रहा था। रात करीब 8रू30 बजे इटवा–डुमरियागंज मार्ग पर सामने से आ रही तेज रतार बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शिवम और उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल सरकारी अस्पताल इटवा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने शिवम को मृत घोषित कर दिया, जबकि उनके पिता का प्राथमिक उपचार किया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बांसी के तेजगढ़ गांव में खुशी का माहौल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी। जिला पंचायत सदस्य रीता देवी और उनके पति



गंगाराम ने तेजगढ़ गांव में पश्चिम बंगाल में भाजपा की अभूतपूर्व जीत पर पटाखे जलाकर और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान गंगाराम ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य का सर्वांगीण विकास करेगी और प्रदेश का कायाकल्प होगा। कार्यक्रम के दौरान राजेश कुमार, दीपक कुमार, राजाराम, मुकेश कुमार, दीप नारायण सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रिश्वत लेने के आरोप में महिला लेखपाल की जांच शुरू, एडीएम को सौंपी गई शिकायत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील में तैनात एक महिला लेखपाल पर रिश्वत लेने के आरोप के मामले में जांच शुरू कर दी गई है। शिकायत मिलने के बाद एडीएम स्तर से जांच कराई जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला कठेला गांव निवासी जुबैदा खातून पत्नी मोहम्मद इरफान से जुड़ा है, जिन्होंने आरोप लगाया है कि खातौनी में नाम संशोधन के लिए लेखपाल सुधा राजपूत ने पहले 10 हजार रुपये की मांग की थी। बाद में 13 हजार रुपये लेने का आरोप भी लगाया गया है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि 30 अप्रैल को टीम गठित की गई, जिसने 13 अप्रैल को गांव में पहुंचकर जांच की। पीड़िता ने एडीएम को बांड पेपर सहित अन्य साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं। एडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया है। वहीं जिलाधिकारी ने भी भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। संबंधित लेखपाल के खिलाफ विभागीय जांच जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

दैनिक बुद्ध का संदेश

इटवा/सिद्धार्थनगर। इटवा थाना क्षेत्र के मड़वा तिराहा पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक की उम्र लगभग 35 वर्ष के आसपास थी। मिली जानकारी के अनुसार, इटवा–डुमरियागंज मार्ग पर सुबह करीब साढ़े नौ बजे इटवा की ओर आ रहे एक ट्रक की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक ने खुद पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इटवा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक आसपास के क्षेत्र में घूमता रहता था, जिससे उसकी पहचान में दिक्कत हो रही है। थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं और मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सिद्धार्थनगर में आकाशीय बिजली गिरने से अधेड़ की मौत, शादी में जाते समय हुआ हादसा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी तहसील क्षेत्र में सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। घटना मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के चांदेगडिया गांव की है, जहां मृतक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, चांदेगडिया गांव निवासी बेचन (42) पुत्र रामदास सोमवार को अपने घर से गांव के बाहर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए निकले थे। गांव से करीब 100 मीटर दूर एक पुलिया के पास अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से बेचन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिश्रौलिया थाना प्रभारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम .ष्टया मौत आकाशीय बिजली गिरने से हुई है। मामले की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर संबंधित लेखपाल भी पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि मृतक बेचन अपने पीछे चार बच्चों का भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें दो बेटे और दो बेटियां शामिल हैं। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

**कार्यालय : ग्राम पंचायत- कुसम्ही, वि.ख.- जोगिया, जनपद- सिद्धार्थनगर**

**निविदा/आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत– **कुसम्ही** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फागिंग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा सामग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 14/05/2026 को 10 बजे तक आपूर्ति हेतु निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **कुसम्ही** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 14/05/2026 को अपराहन 12 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्ते** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडी एवं एनएससी/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **कुसम्ही** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **कुसम्ही** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रुपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

चिनकी देवी
ग्राम प्रधान/अध्यक्ष
ग्राम पंचायत–कुसम्ही
वि.ख. - जोगिया

अनिल मिश्रा
ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत–कुसम्ही
वि.ख. - जोगिया

**कार्यालय : ग्राम पंचायत- केवटलिया, वि.ख.- जोगिया, जनपद- सिद्धार्थनगर**

**निविदा/आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत– **केवटलिया** विकसित भारत गारन्टी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) VB-G RAM G/पंचम वित्त/सष्ठम वित्त/15 वां/16 वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/केन्द्रीय वित्त आयोग विधायक निधि/सांसद निधि/आगनबाड़ी/सामुदायिक शौचालय/प्राथमिक विद्यालय पर शौचालय/पंचायत भवन/अन्त्योष्टि स्थल विकास निर्माण कार्य/छठ पूजा घाट/खेल मैदान/वाटर सप्लाई एवं अन्य निधि के अन्तर्गत वर्ष 2026–27 में स्वीकृत कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट इन्टरलाकिंग, ईट, ईट टुकड़ा, महीन बालू, सिमेंट, मोरंग, बालू व वर्मी कम्पोस्ट एवं ह्यूम पाईप सरिया, पेन्ट, वायरिंग, पत्थर गिटी, सोलर लाईट स्ट्रीट लाईट ठेला कुदाल झाडू ब्लीचिंग पाउडर चूना कूड़ादान फागिंग मशीन झाड़ी झंखाड़ कटाई/नाली सफाई एवं कूड़ा निस्तारण कार्य एस०एल०डब्लू०एम०/ई०बी०आर० के तहत प्लास्टिक बैग, गणक स्थायी कचरा सामग्री इण्डिया मार्का–2 हैण्ड पम्प रिबोर/मरम्मत ईट की गिट्टी इत्यादि सामग्री से सम्बन्धित आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म ईट भटठा मालिक/आपूर्ति कर्ता दिनांक 14/05/2026 को 10 बजे तक आपूर्ति हेतु निविदा दर पर एवं वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत **केवटलिया** के निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदा दिनांक 14/05/2026 को अपराहन 03 बजे तक गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताए पूर्ण की जायेगी। धरोहर की धन राशि 2000 रु० होगी। **नियम व शर्ते** :– 1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। 2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी। 7. सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा। 8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों सचिवों सदस्यों बी.डी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.डब्लू.डी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 10.स्वीकृति आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडी एवं एनएससी/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **केवटलिया** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **केवटलिया** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/– रुपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

बेचन
ग्राम प्रधान/अध्यक्ष
ग्राम पंचायत–केवटलिया
वि.ख. - जोगिया

अनिल मिश्रा
ग्राम विकास अधिकारी/सचिव
ग्राम पंचायत–केवटलिया
वि.ख. - जोगिया

# बेमौसमी बारिश ने ही बिगाड़ी शहर की सूरत

दैनिक बुद्ध का संदेश



बांसी। सोमवार 04 मई को तेज आंधी और 01 घंटे की बारिश ने शहर की सूरत बिगाड़ दी है। जगह जगह सड़कों पर पानी और नाले का गंदा पानी दुकान व आवास तक पहुंच गया।इस दौरान नगर पालिका बांसी के गांगुली इंदिरा नगर रोड पर पानी भर गया है। अब 02 वर्ष पहले बने सडक की हालत बदतर हो गई है। जगह जगह टूटे सड़क और नाले का पानी सड़क पर पसर गया। बारिश के समय कोतवाली रोड पूरा नहर बन गया था। अभी लाखों रूपयों की लागत से बना नाला भी इस बारिश के पानी को समेटने के लिए तैयार नहीं था। कोतवाली से पंच शिखा मंदिर तक जाने वाले सड़क की हाल ही बदतर हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ये तो बेमौसम बारिश का हाल है कुछ दिनों बाद जब मौसमी बारिश शुरू होगा तब कौन सा दशा होगा।

# "हक की बात जिलाधिकारी के साथ" कार्यक्रम सम्पन्न, छात्राओं को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश






सिद्धार्थनगर। मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत "हक की बात जिलाधिकारी के साथ" कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य एवं प्रेरणादायक माहौल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न हाईस्कूलों के मेधावी छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बालिकाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्र–छात्राओं ने जिलाधिकारी से सीधे संवाद कर शिक्षा, करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे। जिलाधिकारी ने सभी प्रश्नों का सरल एवं प्रेरणादायक उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया, जिससे छात्रों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ। इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली जनपद की 10–10 छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली 39 छात्राओं को भी पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से हाईस्कूल उत्तीर्ण करने वाली 6 छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर सिद्धार्थनगर में जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई और फोड़े पटाखे

दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थनगर। भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यालय सिद्धार्थनगर में जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की तथा पटाखे फोड़कर विजय का उत्सव मनाया। जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने कहा कि यह जीत भाजपा के समर्पित और तपस्वी कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सुशासन की बदौलत जनता ने पार्टी पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि आज हर जगह जीत का जश्न मनाया जा रहा है और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष गोविंद माधव, निवर्तमान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनाथ चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी, जिला महामंत्री फतेह बहादुर सिंह, फूलचंद्र जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि सत्य प्रकाश राही, निवर्तमान महामंत्री विपिन सिंह, दिलीप चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष आशीष शुक्ला, जिला मंत्री अविनाश सिंह, रमेश मणि त्रिपाठी, पूर्व मंत्री अजय उपाध्याय, जिला कार्यालय मंत्री अनुराग श्रीवास्तव (गगन), नगर अध्यक्ष सतीश रस्तोगी, जोगिया मंडल अध्यक्ष राजेश दुबे, श्याम सुंदर मित्तल, अरविंद पाण्डेय, निशांत पांडेय, पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र, महेश वर्मा, भानु सिंह, मनोज लोधी, विक्की रस्तोगी, धनराज यादव, पंकज श्रीवास्तव, कंचन सिंह, ऋषभ त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# "सोनार बांग्ला" का सपना होगा साकार, भाजपा नेत्री अनुपमा सिंह दुबे ने जताया आभार

दैनिक बुद्ध का संदेश



सिद्धार्थनगर। पश्चिम बंगाल के राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ महिला नेता अनुपमा सिंह दुबे ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि "सोनार बांग्ला" का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता ने अन्यायपूर्ण शासन के चंगुल से खुद को मुक्त कर लिया है। मतदाताओं के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा, "मैं बंगाल की महान जनता को कोटि–कोटि प्रणाम और धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए 'कमल' को चुना है। निश्चित ही भाजपा सरकार में 'विकसित बंगाल' का स्वरूप जल्द ही देखने को मिलेगा।" अनुपमा सिंह दुबे ने कहा कि यह जनादेश विकास, सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में बंगाल तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर होगा। गौरतलब है कि अनुपमा सिंह दुबे को सिद्धार्थनगर में भाजपा की सक्रिय और प्रखर महिला नेताओं में गिना जाता है। अपनी तेज कार्यशैली और जनसंपर्क के चलते उन्होंने क्षेत्र में खास पहचान बनाई है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में वह महिलाओं को संगठित कर भाजपा से जोड़ने के अभियान में सक्रिय रूप से जुटी हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने और महिलाओं को जोड़ने के उनके प्रयासों का लाभ पार्टी को भविष्य में मिल सकता है।

# जीत के जश्न पर भाजपाइयों ने फोडे पटाखे

दैनिक बुद्ध का संदेश



बांसी। सोमवार 04 अप्रैल को पश्चिम बंगाल और आसाम में हुए प्रचंड जीत से प्रसन्न हुए भाजपा नगर कार्यकारिणी द्वारा रोडवेज चौराहे पर एकत्रित होकर पटाखे फोड़े गए। लगभग 05 बजे के करीब नगर अध्यक्ष कुबेर बारी के नेतृत्व में जुटे लोगों द्वारा नारा लगाकर जय जय कार करते हुए पटाखे फोड़े गए।इस दौरान जगजीवन गौड़ विंध्याचल चौरसिया अनुपमा सिंह दूबे बजरंगी वर्मा जितेंद्र मिश्रा धर्मेंद्र यादव संजय श्रीवास्तव शम्भू वर्मा सुशीला राजाराम केवट प्रिया गौतम, प्रमोद कुमार हिन्दू योगेश यादव सुनीता देवी सुभाष मिश्रा विद्यावती आदि मौजूद रहे।

# तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर डुमरियागंज में जश्न, कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर मनाई खुशी

दैनिक बुद्ध का संदेश




डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडिचेरी में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत और सरकार गठन के अवसर पर सोमवार को डुमरियागंज स्थित भाजपा कार्यालय पर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया, वहीं आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। सुबह से ही जैसे–जैसे चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आते गए, कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की भीड़ बढ़ती चली गई। अंतिम परिणाम आते ही कार्यकर्ताओं के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए ढोल–नगाड़ों के साथ जश्न मनाया और मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह जीत सबका साथ, सबका विकास की नीति और भाजपा सरकार के जनहितकारी कार्यों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने पार्टी पर विश्वास जताया है और आने वाले समय में इन राज्यों में भी विकास और खुशहाली का नया दौर शुरू होगा। इस दौरान नरेंद्र मणि त्रिपाठी, चंद्र प्रकाश वर्मा, गणेश विश्वकर्मा, उदयपाल वर्मा, अजय अग्रहरि, राजन अग्रहरि, प्रेम पांडेय, धर्मेश पांडेय, नवल पटेल, लालमन यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनगणना 2026 को लेकर प्रशिक्षण सम्पन्न, 7 मई से शुरू होगी स्वगणना प्रक्रिया

दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश में जनगणना 2026 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के तहत अम्बेडकर सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने की, जबकि अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 7 मई से शुरू होने वाली स्वगणना में वे स्वयं भाग लें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, नगर निकायों के अध्यक्षों, सभासदों एवं आम नागरिकों को इसके लिए जागरूक करें, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वगणना मेंभागीदारी करें। अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वगणना का कार्य 7 मई से 21 मई 2026 तक चलेगा, जिसे सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक किया जा सकेगा। इसके बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर–घर जाकर 33 प्रश्नों के आधार पर जनगणना करेंगे। उन्होंने बताया कि स्वगणना की सुविधा पहली बार दी जा रही है, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, तेज और पारदर्शी होगी। नागरिक 7 से 21 मई के बीच अपने मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं भर सकेंगे। सहायक निदेशक, जनगणना निदेशालय नागेंद्र यादव ने स्वगणना की प्रक्रिया और उसके विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वगणना के बाद नागरिकों को 11 अंकों की सीड प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना होगा। प्रगणक इस सीड के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेंगे। स्वगणना में आवश्यक संशोधन प्रगणक द्वारा किया जा सकेगा, हालांकि परिवार के मुखिया का नाम एक बार दर्ज होने के बाद परिवर्तित नहीं किया जा सकेगा। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएस यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, खंड विकास अधिकारी, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मिली क्षतिपूर्ति, जनप्रतिनिधियों ने वितरित किए चेक

दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2025 एवं रबी 2025–26 की क्षतिपूर्ति धनराशि वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में फसल क्षति का त्वरित मुआवजा किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प लिया गया है, जिसके तहत किसान सम्मान निधि योजना में सालाना 6000 रुपये की सहायता दी जा रही है। साथ ही डीबीटी के माध्यम से बीज एवं कृषि उपकरणों पर अनुदान सीधे किसानों के खातों में भेजा जा रहा है। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि जोखिमों को कम करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें फसल बीमा योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी द्वारा 7 लाभार्थी किसानों को क्षतिपूर्ति राशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष पात्र किसानों को भी समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में फसल बीमा योजनाओं से जुड़कर इसका लाभ उठाएं। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

# काला नमक धान के प्रोत्साहन पर जोर, जिलाधिकारी ने दिए प्रभावी रणनीति बनाने के निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में काला नमक बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में काला नमक धान के उत्पादन, संवर्धन एवं विपणन को बढ़ावा देने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि काला नमक धान की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को समय पर तकनीकी जानकारी, उन्नत बीज एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने कहा कि काला नमक चावल की गुणवत्ता और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि इसकी पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूत हो सके। जिलाधिकारी ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से काला नमक चावल के प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन के लिए प्रभावी रणनीति तैयार करने पर जोर दिया। साथ ही सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, लीड बैंक अधिकारी आर.के. सिन्हा, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं काला नमक बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## बुजुर्गों के संकट को गंभीरता से ले सरकार

**ऐसे में बुजुर्गों व वृों का जीवन अवसादमय हो जाता है। लगातार महंगी होती चिकित्सा सुविधाएं और आय के स्रोतों का संकुचन उन्हें भविष्य के भय से भर देता है। वास्तव में बुजुर्गों व वृों को जीवन की सच्चाई को स्वीकार करते हुए इसका मुकाबला करने को तैयार रहना चाहिए। शारीरिक सक्रियता, योग, ध्यान, प्राणायाम व सत्संग उनके लिए मददगार होता है...**

जीवन की सांझ में बुजुर्गों को अपनों के पास न होने की टीस सालती है। कई बुजुर्गों के बच्चे विदेशों में अपना भविष्य तलाशने गए तो फिर लौटकर नहीं आये। जीवनभर की जमा–पूंजी से बनाये गए बड़े–बड़े घरों में वे सिर्फ दीवारें ताकते हैं। बच्चों के पास जाते भी हैं तो वहां रात–दिन काम में जुटे बच्चों के साथ रहना उन्हें रास नहीं आता। आत्मकेंद्रित होती पीढ़ी भी भारत में रहने वाले माता–पिता की सुध लेने लौटकर तक नहीं आती। ऐसे में साधन–संपन्न बुजुर्ग को कई बड़े शहरों में ऐसी कंपनियां किराये की सतानें उपलब्ध कराती हैं। ये किराये की संतानें बुजुर्गों के साथ सैर पर जाते हैं, लूडो आदि खेल खेलते हैं और उनका एकाकीपन दूर करते हैं।



यद्यपि यह समस्या का अंतिम समाधान तो नहीं है लेकिन कुछ समय के लिए वे राहत महसूस करते हैं। दरअसल, बुजुर्गों के जीवन में अंदर से खालीपन इतना बढ़ गया है जिसे भरने के लिए वे किराये की संतानों की ओर उन्मुख होते हैं। कई कंपनियां बुजुर्गों को केयर का पैकेज देती हैं। वे ऐसे अटेंडेंट उपलब्ध कराती हैं जो बुजुर्गों के साथ बैठकर टीवी देखते हैं, ताश खेलते हैं, दिन–भर बातें करते हैं। कंपनियों की यह सुविधा सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रह गई बल्कि गांवों तक लोग इन्हें अनुबंधित कर रहे हैं। हालांकि, खून के रिश्तों का कोई विकल्प नहीं हो सकता है, लेकिन तात्कालिक तौर पर वे इनकी उपस्थिति में कुछ सुकून हासिल कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे दौर में जब उम्र–दराज लोगों के आय के स्रोत सिमटने लगते हैं और शरीर भी साथ नहीं देता तो बहुत से लोगों के सामने किराये की संतान का बोझ उठाना भी मुश्किल होता है। खासकर निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के लिए जिनकी पेंशन भी मुट्ठी में सिमट जाती है। विकसित देशों में सेवानिवृत्त लोगों के लिए तमाम कल्याणकारी योजनाएं लागू रहती हैं। वे अपनी नौकरी के दौरान पर्याप्त आयकर देते हैं। फिर सेवानिवृत्ति पर सरकारें उनकी देखभाल व मेडिकल सुविधाओं का दायित्व निभाती हैं। भारत में कथित लोककल्याणकारी सरकारें भरपूर आयकर वसूलने के बाद भी जिंदगी की सांझ में बुजुर्गों को उनके हाल पर छोड़ देती है। अपने भी गांठ का धन मजबूत होने पर ही अपने साथ निभाते हैं। ऐसे में बुजुर्गों व वृद्धों का जीवन अवसादमय हो जाता है। लगातार महंगी होती चिकित्सा सुविधाएं और आय के स्रोतों का संकुचन उन्हें भविष्य के भय से भर देता है। वास्तव में बुजुर्गों व वृद्धों को जीवन की सच्चाई को स्वीकार करते हुए इसका मुकाबला करने को तैयार रहना चाहिए। शारीरिक सक्रियता, योग, ध्यान, प्राणायाम व सत्संग उनके लिए मददगार होता है। अक्सर सोशल मीडिया पर चर्चा की जाती है कि यदि अनाथ आश्रमों के बच्चों को ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गों के साथ रखा जाए तो दोनों की समस्या हल हो सकती है। एक ओर बच्चों को जहां अभिभावक मिल सकते हैं, वहीं बुजुर्गों को बच्चे मिल सकते हैं। गुणवत्ता वाले सुविधा–संपन्न वृद्धाश्रमों को बनाने के लिए सरकार के स्तर पर बड़े प्रयास करने की जरूरत है।

## कोपलों की खुशबू

कई रोज से एक खुशबू को थामे चल रही हूं। उगते सूरज की खुशबू। नयी कोंपलें फूटने की खुशबू। सड़कें झरे हुए फूलों से भर उठी हैं। जिन रास्तों से गुजरती हूं मेरे सर पर आसमान के साथ–साथ फूलों का एक सैलाब सा छाया होता है। मेरे दायीं तरफ फूलों की कतारें हैं और बाईं तरफ आम, लीची की बौर। पूरा शहर फिर से नये उगने की खुशबू में डूबा है। सारे दिन शहर का मौसम मुझे देश दुनिया के मौसम से, खबरों से बचाए रहता है। शाम होते–होते सब बिखरने लगता है। खबरों के छींटे कानों में पड़ते हैं और कानों से खून रिसने लगता है। अंधेरा छाने लगता है आंखों के आगे। नींद आ तो जाती है लेकिन बुरे ख्वाब के चलते टूट जाती है। सोचती हूं ख्वाब ज्यादा बुरा था या हकीकत ज्यादा बुरी है।

नानी की कहानी में प्यार का जिक्र यूं होता था जैसे दाल में नमक का। बिना नमक की कोई दाल हुई भला, वैसे ही बिना प्यार के कोई जिंदगी हुई भला। सम्मान और प्यार हर इंसान की जरूरत है। रोटी भी बिना सम्मान के मिले तो बुरी ही लगती है। ये बात और है कि मुफलिसी ने सम्मान को पीछे धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जब सबको प्यार चाहिए तो ये नफरत कौन परोस रहा है। इतनी नफरत कि इंसान को इंसान ही न समझें। वक्त मिले तो यह जरूर सोचना चाहिए कि एक व्यक्ति के रूप में हमारे भीतर कितनी हिंसा है। हमने कितनी बार हिंसक व्यवहार किया। किसके साथ किया। हिंसा को किस तरह समझा। एक लंबी चुप्पी, उपेक्षा, उपहास क्या कम हिंसक होती है? हमारे भीतर जो आक्रोश है वो किसके प्रति है? इस खेल को समझने के बजाय इसमें फंसते जा रहे हैं हम सब।

नफरत का यह चक्रव्यूह सबको घेरता जा रहा है। ऐसा चक्रव्यूह जिससे निकलने का रास्ता कोई नहीं जानता। हम एक अंधी सुरंग में जाते जा रहे हैं। धरती पर खून के छींटे बढ़ते जाते हैं और मन पर स्याह अंधेरा घिरता जाता है। मैं खिलती हुई कोंपलों को देख ही रही थी कि खेल के मैदान में खेलता एक बच्चा ठोकर खाकर गिर गया। तभी एक दूसरे बच्चे ने आकर उसे उठाया और उसकी धूल झाड़ी। मैं न तो गिरने वाले बच्चे का धर्म या जाति जानती थी, न उसे उठाने वाले बच्चे की। बस उन दोनों के चेहरे की मुस्कुराहट को और साथ खेलने को देख रही थी। तेज हवा के झोंके से वोगेनवेलिया के फूल शाखों से छूटकर मेरे कांधों पर आ बैठे थे। क्या मुझे आज कुछ अच्छी नींद आएगी?

## जिम्मेदारी का मतदान भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता

**लेकिन बदलते समय के साथ ये धारणाएं पुनर्विचार की मांग करती हैं। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्ड मतदान ने यह संकेत दिया है कि मतदाता अब पारंपरिक आकलनों से परे होकर स्वतंत्र निर्णय लेता है। वह अपने मत का संकेत न पहले देता है, न बाद में प्रकट करता है। यही कारण है कि चुनाव पूर्व अनुमान अक्सर गलत साबित होते हैं। भारतीय मतदाता की यह परिपक्वता और जागरूकता लोकतंत्र ...**

भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जिसने अपनी सुदृढ़ चुनावी परंपराओं से वैश्विक उदाहरण प्रस्तुत किया है। स्वतंत्रता के बाद से अनेक लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए हैं, जो लोकतांत्रिक मजबूती को दर्शाते हैं। छिटपुट घटनाओं के बावजूद चुनाव प्रक्रिया कभी बाधित नहीं हुई। यह भारतीय मतदाताओं की जागरूकता और लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा को सिद्ध करता है। वोट की ताकत के माध्यम से जनता शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता परिवर्तन करती है, चाहे कोई दल लंबे समय से शासन में क्यों न हो। यह सत्य है कि भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया और चुनाव आयोग की आलोचना समय–समय पर होती रहती है। बैलेट वोटिंग की तुलना में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे मुद्दों पर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। फिर भी इन आलोचनाओं के बावजूद देश की 140 करोड़ जनता का लोकतंत्र में विश्वास अडिग बना रहता है। भारतीय मतदाता अपने मताधिकार की शक्ति को भली–भांति समझते हैं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हैं, जिससे व्यवस्था की मजबूती और निरंतरता सुनिश्चित होती है। शिक्षा और जागरूकता के विस्तार के साथ दूरदराज के गांवों तक भी लोकतंत्र की शक्ति की समझ पहुंच चुकी है। लोग जानते हैं कि संविधान सर्वोच्च है और उससे ऊपर कुछ नहीं। जब भी उन्हें लगता है कि संशोधन के नाम पर संविधान से छेड़छाड़ हो सकती है, वे अपने मताधिकार से इसका विरोध करते हैं। हाल के चुनावों में भी संविधान के प्रति आस्था प्रमुख मुद्दा रही। वोटिंग मशीनों और मतदाता सूचियों



पर विवाद के बावजूद, जब लोकतंत्र की कसौटी पर परख का समय आया, तो करोड़ों मतदाताओं ने भाग लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाई और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत किया। मिथ्या प्रचार और भ्रामक दावों का शोर आम नागरिक रोज सुनता है, लेकिन मतदान के समय उसकी स्वतंत्र सोच सामने आ जाती है। चुनाव परिणाम यह सिद्ध करते हैं कि भारतीय मतदाता सजग है, स्वयं निर्णय लेता है और आसानी से बहकाया नहीं जा सकता। यही परिपक्वता लोकतांत्रिक परम्पराओं की वास्तविक विजय को दर्शाती है। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हुए रिकॉर्ड मतदान ने बताया कि तमाम नकारात्मक प्रचार के बावजूद मतदाताओं ने लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभाई। जाति–धर्म के मुद्दे, मतदाता सूचियों पर संदेह और आरोप–प्रत्यारोप के बीच भी जब नागरिक मतदान केंद्रों पर पहुंचे, तो उनके हाथ में सबसे बड़ी शक्ति उनका वोट था। भीषण गर्मी के बावजूद सुबह से लंबी कतारें लगीं, जो जागरूकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। विशेषकर पश्चिम बंगाल में कड़ी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच रिकॉर्ड मतदान ने यह साबित किया कि भारतीय लोकतंत्र परिपक्व है और हर परीक्षा में खरा उतरता है। यह मतदान विभिन्न मुद्दोंकृचाहे मतदाता सूची की विश्वसनीयता का प्रश्न हो या क्षेत्रीय अस्मिताकृसबका जवाब बनकर सामने आया, क्योंकि भागीदारी अत्यधिक रही। उच्च मतदान के बीच अपेक्षाकृत कम हिंसा लोकतांत्रिक परिपक्वता का संकेत है। तमिलनाडु में भी भाषायी और क्षेत्रीय बहसों के बावजूद मतदाताओं ने उत्साह दिखाया। भीषण गर्मी के बावजूद लोग बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अपने मताधिकार का उपयोग किया। यह दर्शाता है कि मतदाता मुद्दों को समझते हैं और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाते हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में हुआ मतदान देश में सर्वाधिक रहा, जो लोकतांत्रिक जागरूकता का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि महिला आरक्षण को लेकर बहस के बीच इन चुनावों में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों से अधिक रही, जो सशक्तीकरण का संकेत देती है। पश्चिम बंगाल, जो कभी छिटपुट हिंसा के लिए चर्चित रहा है, वहां इस बार अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण मतदान हुआ। यह सब दर्शाता है कि भारतीय मतदाता अधिक परिपक्व, जागरूक और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हो चुका है। चुनाव विशेषज्ञ अक्सर अधिक मतदान के आधार पर सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगाते हैं, जबकि कम मतदान को यथास्थिति की स्वीकृति माना जाता है। लेकिन बदलते समय के साथ ये धारणाएं पुनर्विचार की मांग करती हैं। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में रिकॉर्ड मतदान ने यह संकेत दिया है कि मतदाता अब पारंपरिक आकलनों से परे होकर स्वतंत्र निर्णय लेता है। वह अपने मत का संकेत न पहले देता है, न बाद में प्रकट करता है। यही कारण है कि चुनाव पूर्व अनुमान अक्सर गलत साबित होते हैं। भारतीय मतदाता की यह परिपक्वता और जागरूकता लोकतंत्र की वास्तविक ताकत को दर्शाती है। आज जब दुनिया के कई बड़े देशों में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव और अधिनायकवादी प्रवृत्तियों की चर्चाएं बढ़ रही हैं, भारत अपने विशाल और विविधतापूर्ण ढांचे के साथ लोकतंत्र की मजबूती का उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## पीएफबीआर की सफलता से शुरू होगी भारत की असली चुनौती

**भारत ने 2047 तक 100 गीगावाट का लक्ष्य रखा है। इस विस्तार का अधिकांश हिस्सा कम से कम 2040 तक यूरेनियम आधारित होगा जो एक धीमा, महंगा और अपव्ययी मार्ग हैय और भारत के लिए, हथियारों से लैस आपूर्ति श्रृंखलाओं और अवरोधों के इस दौर में एक संभावित रणनीतिक जाल है। भारत का एफबीआर कार्यक्रम एक बड़ा लाभ है लेकिन तभी जब इसे अब से 2040 के बीच तेजी से बढ़ाया...**

भारत के विस्तार पर सबसे बड़ी बाधा विखंडनीय प्लूटोनियम भंडार है, विशेष रूप से 2035–2045 के बीच। वर्तमान में ब्रीडर कार्यक्रम सीमित संख्या में असुरक्षित रिएक्टरों से प्राप्त प्लूटोनियम पर निर्भर है। वहीं, भारत ने अपने सुरक्षित रिएक्टरों के लिए आयातित यूरेनियम से खर्च किया हुआ ईंधन जमा कर लिया है। यह महत्वपूर्ण प्लूटोनियम बेकार पड़ा है। अभी खत्म हुए अप्रैल की शुरुआत में भारत के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (उन्नत परमाणु रिएक्टर– पीएफबीआर) की सफलता ने, जो बिजली उत्पादन के दौरान खर्च किए गए ईंधन की तुलना में अधिक नया ईंधन उत्पन्न करता है, एक बहुप्रतीक्षित उपलब्धि को चिह्नित किया है। इसने 1950 के दशक में होमी जहांगीर भाभा द्वारा परिकल्पित तीन स्तरीय परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण में भारत के परिचालन प्रवेश का संकेत दिया है। यह उपलब्धि बहुत बड़ी है– दशकों तक प्रौद्योगिकी से वंचित रहने और संदेह व अनिश्चितता के बावजूद भारत ने अपने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के दम पर दृढ़ संकल्पित होकर व्यावसायिक पैमाने पर फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) का निर्माण किया है। फिर भी हमें सोशल मीडिया और यहां तक कि मुख्यधारा के मीडिया में व्याप्त प्रचार से परे देखना होगा। पीएफबीआर अंतिम लक्ष्य नहीं है। वास्तव में यह वह बिंदु है जहां कार्यक्रम अपने सबसे कठिन चरण में प्रवेश करता है। सवाल यह है कि क्या भारत इस




कार्यक्रम को देश की बढ़ती ऊर्जा सम्बन्धी जरूरतों और वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन के लिए प्रासंगिक बनाए रखने के लिए औद्योगिक पैमाने पर तेजी से विकसित कर सकता है। भाभा के कार्यक्रम का तर्क अक्सर एक सुव्यवस्थित प्रगति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है– चरण 1 यूरेनियम रिएक्टर प्लूटोनियम को उप–उत्पाद के रूप में उत्पन्न करते हैंय चरण 2 एफबीआर उस प्लूटोनियम का उपयोग करके अधिक विखंडनीय पदार्थ का उत्पादन करते हैं और चरण 3 एक स्व–संचालित थोरियम चक्र पर चलता है। हमारी आज की अड़चन रिएक्टर नहीं बल्कि विखंडनीय भंडार– प्लूटोनियम है। परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुमानों और हालिया बयानों के अनुसार भारत के पास पीएफबीआर और दो अन्य 500 मेगावाट के रिएक्टर, एफबीआर 1 और 2 को शुरू करने एवं चलाने के लिए पर्याप्त पृथक प्लूटोनियम है। यदि आज अंतिम स्वीकृति व निधि मिल जाती है और निर्माण कार्य सुचारू रूप से चलता है तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि ये इकाइयां वर्ष 2035 तक चालू हो जाएंगी। हालांकि तैयार ईंधन की आपूर्ति यहीं समाप्त हो जाती है। ब्रीडर रिएक्टरों का नाम उनकी खपत से अधिक ईंधन उत्पादन करने की क्षमता के आधार पर रखा गया है लेकिन यह दर ब्रीडिंग अनुपात पर निर्भर करती है। मिश्रित ऑक्साइड (एमओएक्स) ईंधन का उपयोग करने वाले पीएफबीआर और एफबीआर 1 और 2 के लिए ब्रीडिंग अनुपात मामूली 1.03 से 1.05 है। इसके परिणामस्वरूप कूलिंग, रिप्रोसिसिंग और ईंधन में पुनरू निर्माण को ध्यान में रखते हुए सिस्टम के दोगुना होने का समय लगभग 30 वर्ष है। यानी प्रत्येक रिएक्टर को एक और इकाई शुरू करने के लिए पर्याप्त अधिशेष प्लूटोनियम उत्पन्न करने में इतना समय लगेगा। इस दर पर एफबीआर कार्यक्रम का विस्तार संभव नहीं होगा। इसमें ठहराव आ जाएगा। अगले एक दशक और उससे भी अधिक समय तक यह विस्तार नए रिएक्टरों के निर्माण पर कम और भारत के प्रथम चरण के दाबयुक्त भारी जल रिएक्टरों (पीएचडब्ल्यूआर) से प्रयुक्त ईंधन के पुनर्संसाधन पर अधिक निर्भर करेगा। भारत के प्रयुक्त ईंधन में कई टन अविभाजित प्लूटोनियम मौजूद है। इस सामग्री को प्रचलन में लाना ही पहले तीन रिएक्टरों से आगे एफबीआर विस्तार की गति निर्धारित करेगा। यहां महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि बुनियादी ढांचा अभी भी इस स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। तारापुर में एकीकृत परमाणु पुनर्चक्रण संयंत्र (इंटीग्रेटेड न्यूक्लियर रिसायकलिंग प्लांट– आईएनआरपी) क्षमता का विस्तार करेगा लेकिन इसके 2028 तक पूरा होने की उम्मीद है और इसकी उत्पादन क्षमता केवल 3–4 और सभी एफबीआर की जरूरत पूरा कर पाएगा। इस बीच, एफबीआर ईंधन के पुनर्संसाधन के लिए निर्मित कल्पक्कम स्थित फास्ट रिएक्टर फ्यूल साइकिल फैसिलिटी (एफआरएफसीएफ) में 2030 तक विलंब हो गया है। यहां तक कि परिचालन में आने पर भी इसकी क्षमता केवल प्रारंभिक तीन रिएक्टरों के लिए ही निर्धारित है। जब तक पुनर्संसाधन क्षमता में पर्याप्त विस्तार नहीं किया जाता, रिएक्टरों का अगला सेट संभवतरू 2045 के बाद ही शुरू हो पाएगा और थोरियम की ओर सार्थक परिवर्तन 2060 के बाद ही संभव हो सकेगा। भारत के पास इतना समय नहीं है। दो संरचनात्मक बदलावों ने समय सीमा को कम कर दिया है। पहला है ऊर्जा परिवर्तनय भारत को 2070 तक नेट–जीरो लक्ष्य को पूरा करने, औद्योगिक रूप से प्रतिस्पर्धी बने रहने और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अगले दो दशकों के भीतर बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार करना होगा। दूसरा है मांग की प्रकृतिरू कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उदय और हाइपरस्केल डेटा सेंटर मॉडल। इन केंद्रों को चौबीसों घंटे लगातार, उच्च घनत्व वाली बिजली की आवश्यकता होती है। अत्यधिक महंगे भंडारण के बिना नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत ऐसी बिजली प्रदान नहीं कर सकते। परमाणु विखंडन ही एकमात्र ऐसा स्रोत है जो स्वच्छ, हर मौसम में पर्याप्त मात्रा में बिजली प्रदान कर सकता है और यही कारण है कि दुनिया इसकी ओर लौट रही है। अमेरिका 2050 तक अपनी क्षमता को चार गुना बढ़ाकर 400 गीगावाट करना चाहता है जबकि चीन का लक्ष्य 500 गीगावाट है।



# यानिक सिनर ने मैड्रिड में रचा इतिहास, तोड़ा नोवाक जोकोविच का बड़ा रिकॉर्ड!

टेनिस जगत में इस समय इटली के युवा खिलाड़ी यानिक सिनर का नाम लगातार सुर्खियों में बना हुआ है, जिन्होंने अपनी शानदार फॉर्म से एक बार फिर इतिहास रच दिया है। रविवार को खेले गए मैड्रिड टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में सिनर ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को एकतरफा अंदाज में 6–1, 6–2 से हराकर खिताब अपने नाम किया।



बता दें कि यह मुकाबला केवल 57 मिनट तक चला, जिसमें सिनर ने पूरी तरह दबदबा बनाए रखा और अपने खेल से दर्शकों को प्रभावित किया है। मौजूद जानकारी के अनुसार, इस जीत के साथ सिनर ने मास्टर्स 1000 स्तर पर लगातार 28 मैच जीतने का रिकॉर्ड भी कायम किया है, जो उनकी निरंतरता और शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है।

गौरतलब है कि इस साल सिनर का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है और उन्होंने अब तक 30 मुकाबलों में से 28 जीत दर्ज की हैं। खास बात यह है कि उन्होंने इस वर्ष के पहले चार बड़े मास्टर्स खिताबकृइंडियन वेल्स, मियामी ओपन, मोंटे कार्लो और अब मैड्रिडकृलगातार जीत लिए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने दिग्गज खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया हैं, जिन्होंने साल 2015 में शुरुआती तीन खिताब जीते थे।

सिनर का दबदबा यहीं नहीं रुकता, क्योंकि वह लगातार पांच मास्टर्स टूर्नामेंट जीत चुके हैं, जिसमें वर्ष के अंत का चौम्पियनशिप खिताब भी शामिल है। उनके करियर की बात करें तो वह अब तक नौ में से आठ मास्टर्स खिताब जीत चुके हैं और आगामी इटालियन ओपन में जीत दर्ज कर वह जोकोविच के नौ खिताबों के रिकॉर्ड की बराबरी करने के करीब पहुंच सकते है।

हालांकि, बता दें कि पिछले साल सिनर को डोपिंग मामले में तीन महीने के प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था, जिसके कारण वह कई बड़े टूर्नामेंट नहीं खेल पाए थे। इसके बावजूद उन्होंने वापसी के बाद जिस तरह का प्रदर्शन किया है, उसे खेल के जानकार 'जबरदस्त वापसी' मान रहे हैं।

गौरतलब है कि आने वाले समय में इटली और फ्रांस में होने वाले बड़े टूर्नामेंट में भी सिनर को मजबूत दावेदार माना जा रहा है, खासकर तब जब उनके प्रमुख प्रतिद्वंदी कार्लोस अल्कारेज और जैक ड्रेपर चोट के कारण बाहर चल रहे हैं।

# थॉमस कप : भारत का खिताब बचाने का सपना टूटा, फ्रांस ने 3–0 से दी करारी शिकस्त

भारत की उम्मीदों को थॉमस कप में बड़ा झटका लगा है। सेमीफाइनल मुकाबले में फ्रांस ने भारत के खिलाफ एकतरफा अंदाज में 3–0 से जीत दर्ज कर ली। यह मुकाबला डेनमार्क के हॉर्सेन्स में खेला गया, जहां भारतीय टीम को बिना एक भी मैच जीते बाहर होना पड़ा।



मौजूद जानकारी के अनुसार, भारत की चुनौती मुकाबले से पहले ही कमजोर पड़ गई थी क्योंकि शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन को कोहनी की चोट के कारण टीम से बाहर बैठना पड़ा हैं। उनके बाहर होने से टीम संयोजन में बदलाव करना पड़ा, जिसका असर प्रदर्शन पर साफ दिखा हैद्य पहले मुकाबले में आयुष शेट्टी ने शुरुआत की, लेकिन उन्हें फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। पोपोव ने तेज स्मैश और सटीक शॉट्स के दम पर 21–11, 21–9 से जीत हासिल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई हैं। गौरतलब है कि आयुष शुरुआत से ही दबाव में दिखे और कई आसान गलतियां कर बैठे, जिसका फ्रांसीसी खिलाड़ी ने पूरा फायदा उठाया। दूसरे मुकाबले में अनुभवी किदांबी श्रीकांत से बराबरी की उम्मीद थी, लेकिन वह भी एलेक्स लैनियर के खिलाफ 21–16, 21–18 से हार गए हैं। श्रीकांत ने कुछ समय तक अच्छा खेल दिखाया, लेकिन निर्णायक मौकों पर गलतियों ने उन्हें पीछे कर दिया हैं। बता दें कि लैनियर ने तेजी और नेट के पास शानदार खेल से मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी है। तीसरे और निर्णायक मुकाबले में एच एस प्रणय पर टीम को बचाने की जिम्मेदारी थी, लेकिन वह भी टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ 21–19, 21–16 से हार गए हैं। शुरुआती गेम में प्रणय ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन अंत में लगातार गलतियों के कारण मैच उनके हाथ से निकल गया।

गौरतलब है कि इस हार के बावजूद भारत ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया हैं, जो थॉमस कप इतिहास में भारत का दूसरा पदक है। वहीं, फ्रांस ने इतिहास रचते हुए फाइनल में जगह बनाई है और वह डेनमार्क के बाद फाइनल में पहुंचने वाला दूसरा यूरोपीय देश बन गया।

बता दें कि भारतीय टीम ने 2022 में पहली बार थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा था, लेकिन इस बार टीम उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि चोट और टीम संतुलन की कमी इस हार के प्रमुख कारण रहे हैं।

# रियल मैड्रिड ने बिगाड़ा बार्सिलोना का खेल, अब La Liga के किंग का फैसला El Clásico में होगा

स्पेनिश फुटबॉल लीग में खिताबी मुकाबला अब और दिलचस्प हो गया है। रियल मैड्रिड ने एस्पान्योल को 2–0 से हराकर खिताब की दौड़ को अगले सप्ताह तक खींच दिया है, जिससे बार्सिलोना का जश्न फिलहाल टल गया है। बता दें कि अगर इस मुकाबले में रियल मैड्रिड अंक गंवाता, तो बार्सिलोना उसी रात चौंपियन बन जाता, लेकिन अब सबकी नजरें अगले सप्ताह होने वाले बड़े मुकाबले पर टिक गई है।



मौजूद जानकारी के अनुसार यह मुकाबला कॉर्नेला में खेला गया, जहां दूसरे हाफ में विनीसियस जूनियर ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल दागे और टीम को जीत दिलाई है। गौरतलब है कि यह जीत रियल मैड्रिड के लिए मनोबल बढ़ाने वाली है, क्योंकि टीम पिछले कुछ मैचों में लगातार गोल खा रही थी। इस मुकाबले में टीम ने लंबे समय बाद क्लीन शीट भी हासिल की है, जो उनके रक्षात्मक प्रदर्शन में सुधार का संकेत देता है।

मैच के दौरान गोलकीपर आंद्रेई लूनिन ने भी अहम बचाव किए, जिससे एस्पान्योल को बराबरी का मौका नहीं मिल पाया है। हालांकि एस्पान्योल को कुछ मौके जरूर मिले, लेकिन वे उन्हें भुना नहीं सके हैं। आंकड़ों के अनुसार विपक्षी टीम ने कई बार आक्रमण किया, लेकिन निर्णायक बढ़त हासिल नहीं कर सकी है।

दूसरी ओर, टीम चयन और खिलाड़ियों की फिटनेस भी चर्चा का विषय बनी हुई है। फर्लांड मेंडी एक बार फिर चोटिल होकर मैदान से बाहर हो गए, जिससे टीम की लेफ्ट बैक पोजीशन पर सवाल खड़े हो गए हैं। बता दें कि इस सीजन में मेंडी पहले ही कई मैच चोट के कारण मिस कर चुके हैं, ऐसे में टीम प्रबंधन के सामने यह बड़ी चुनौती बनी हुई है।

वहीं, युवा खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी ध्यान खींच रहा है। गोंजालो गार्सिया ने आक्रमण में अच्छा योगदान दिया और विनीसियस के दूसरे गोल में अहम भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि आगामी विश्व कप को देखते हुए कई खिलाड़ी अपनी जगह मजबूत करने की कोशिश में हैं, जिससे टीम के अंदर प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है।

इस मुकाबले में रेफरी के एक फैसले ने भी विवाद खड़ा किया, जब ओमार एल हिलाल को रेड कार्ड दिखाया गया, जिसे बाद में वीएआर की मदद से बदलकर येलो कार्ड कर दिया गया है। मौजूद जानकारी के अनुसार इस फैसले पर दोनों टीमों के प्रशंसकों ने सवाल उठाए। अब खिताबी दौड़ का फैसला अगले सप्ताह होने वाले क्लासिको मुकाबले में हो सकता है, जो इतिहास में बहुत कम बार देखने को मिला है। बता दें कि 1932 के बाद यह दूसरा मौका होगा जब क्लासिको सीध् ा खिताब का फैसला कर सकता है। ऐसे में आने वाला मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# विंग्स की स्पीड बनेगी खतरा या मिडफील्ड से होगा पलटवार?

बायर्न म्यूनिख और पेरिस सेंट जर्मेन जैसे दिग्गजों के बीच होने वाले मैच में तस्वीर थोड़ी अलग होती है। यहां एक नहीं बल्कि कई खिलाड़ी मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार इस बार का पेरिस सेंट जर्मेन बेहद संतुलित, तेज और तकनीकी रूप से मजबूत टीम के रूप में सामने आया है, जिससे बायर्न म्यूनिख की रणनीति और भी महत्वपूर्ण हो गई है।



गौरतलब है कि पेरिस सेंट जर्मेन की आक्रमण पंक्ति में उस्मान डेम्बेले सबसे बड़ा खतरा माने जा रहे हैं। उनकी रफ्तार, ड्रिब्लिंग और किनारों से खेल को फैलाने की क्षमता किसी भी रक्षा पंक्ति को तोड़ सकती है। अगर उन्हें खुली जगह मिलती है, तो बायर्न के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। ऐसे में मिडफील्ड से तुरंत सहयोग और सख्त पोजिशनिंग जरूरी मानी जा रही है।

वहीं दूसरी तरफ ख्विचा क्वारात्सखेलिया भी कम खतरनाक नहीं हैं। वह सीधे हमले के बजाय चालाकी से खेलते हैं, छोटे पास और संयोजन के जरिए डिफेंस को तोड़ते हैं।

## मनोनीत सदस्यों को दिलाई गयी शपथ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 द्वारा नगर पालिका परिषद सोनभद्र में मनोनीत कुल 05 मा0 सदस्यों को सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में अश्विनी कुमार, उप जिलाधिकारी सदर, द्वारा शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, ध्रुवकान्त द्विवेदी, राज बहादुर सिंह पटेल, रमेश जायसवाल, सरोज केशरी द्वारा भूपेश चौबे, विधायक, सदर राबर्ट्सगंज, रूबी प्रसाद, अध्यक्ष , नगर पालिका परिषद की गरिमामयी उपस्थिति में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली गयी। उक्त अवसर पर भूपेश चौबे, विधायक, सदर राबर्ट्सगंज द्वारा अपने सम्बोधन में राज्य सरकार का धन्यवाद देते हुये सभी मनोनीत सदस्यों को शुभकामनाएं दी गयी एवं उनसे सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु पालिका परिवार को अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की गयी। रूबी प्रसाद, अध्यक्ष , नगर पालिका परिषद एवं मुकेश कुमार, अधिशासी अधिकारी द्वारा मनोनीत सदस्यों का पालिका परिवार में स्वागत करते हुये भविष्य में उनके द्वारा बोर्ड में प्रस्तुत सुझावों एवं प्रस्तावों का स्वागत करते हुये उस पर नियमानुसार कार्यवाही हेतु आवश्स्त किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई पदाधिकारीगण, नगर के गणमान्य नागरिकगण, पालिका के कर्मचारीगणों के अतिरिक्त मीडिया के पत्रकार बंधु शपथग्रहण समारोह के साक्षी बने।

# रूस के खिलाफ यूक्रेन का नया दांव, ईयू के साथ मिलकर बनाएगा घातक Drones

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने सोमवार को यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ यूरोपीय सहायता ऋण पर बातचीत की। वॉन डेर लेयेन और जेलेंस्की ने यूरोपीय संघ के साथ ड्रोन समझौते पर सक्रिय रूप से आगे बढ़ने पर भी सहमति व्यक्त की और संभावित सुरक्षा सहयोग के विवरणों की समीक्षा की। एक पोस्ट में उन्होंने बताया कि आज मेरी यूरोपीय संघ आयोग की अध् यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से एक महत्वपूर्ण बातचीत हुई। हमने यूरोपीय सहायता ऋण पर चर्चा की, जिसमें ड्रोन के सह–उत्पादन के लिए आवंटित की जाने वाली पहली किश्त की समयसीमा भी शामिल थी। हमने यूरोपीय संघ के साथ ड्रोन समझौते पर सक्रिय रूप से आगे बढ़ने पर भी सहमति व्यक्त की और इस संभावित सुरक्षा सहयोग के विवरण की समीक्षा की। उन्होंने आगे कहा कि हम आवश्यक सुरक्षा बुनियादी ढांचे के निर्माण को सक्षम बनाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की योजना तैयार कर रहे हैं। मैंने संबंधित कार्य जनरल स्टाफ के प्रमुख एंड्री ह्नातोव, राष्ट्रीय



सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव और कार्यालय की राजनयिक टीम को सौंप दिए हैं। रूसी वायु रक्षा ने मॉस्को की ओर जा रहे दो ड्रोनों के हमले को नाकाम कर दिया, शहर के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने तास के हवाले से बताया। उन्होंने मैक्स पर लिखा कि रक्षा मंत्रालय के वायु रक्षा बलों ने मॉस्को की ओर जा रहे दो ड्रोनों के हमले को विफल कर दिया। प्राथमिक बचाव दल दुर्घटनास्थल पर काम कर रहे हैं।

इससे पहले, सोब्यानिन ने बताया था कि पश्चिमी मॉस्को में एक ड्रोन एक आवासीय इमारत से टकरा गया था। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इस बीच, येरेवन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ बैठक की। आपने गुप्त नौसेना के संबंध् ा में अन्य देशों के लिए एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुझे लगता है कि रूसी अर्थव्यवस्था पर इसका प्रभाव पड़ रहा है, विशेष रूप से इस वर्ष। हम अपने सैनिकों के लिए आपके सभी प्रशिक्षण अभियानों के लिए भी आभारी हैं। जेलेंस्की ने कहा कि आर्मेनिया में बैठकों के पहले दिन का केंद्र बिंदु सोमवार के शिखर सम्मेलन से पहले यूरोपीय भागीदारों के साथ समन्वय था।

# पीओजेके एक्टिविस्ट Amjad Mirza का बड़ा खुलासा, कहा– Pakistan Army के इशारे पर चलता है वहां का मीडिया

पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर (PoJK) के कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पाकिस्तान अधिकृत गिलगित–बाल्टिस्तान और जम्मू–कश्मीर में मीडिया स्वतंत्रता की स्थिति पर प्रकाश डाला और वहां के लोगों के चल रहे संघर्ष की ओर ध्यान आकर्षित किया। अपने संदेश में मिर्जा ने कहा कि इन क्षेत्रों के लोगों की आवाज और चिंताओं को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें न केवल विश्वसनीय और स्वतंत्र जानकारी तक पहुंच से वंचित रखा जाता है, बल्कि स्थानीय मीडिया में विविध दृष्टिकोणों से भी वंचित रखा जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राय पृष्ठों और संपादकीय क्षेत्रों में जम्मू–कश्मीर से संबंधित



ऐतिहासिक और राजनीतिक घटनाक्रमों पर सवाल उठाने वाले दृष्टिकोणों को जगह नहीं दी जाती है। मिर्जा ने आगे दावा किया कि इन क्षेत्रों में मीडिया परिदृश्य पर इस्लामाबाद स्थित संघीय निकाय, पाकिस्तान के प्रेस और सूचना विभाग का कड़ा नियंत्रण है, जो उनके अनुसार सेना के मीडिया विंग, अंतर–सेवा जनसंपर्क के प्रभाव में काम करता है। उनके अनुसार, इस नियंत्रण के परिणामस्वरूप ऐसी सामग्री प्रकाशित होती है जो बड़े पैमाने पर पाकिस्तान समर्थक विचारों को दर्शाती है, जबकि वैकल्पिक या असहमति वाली आवाजों को बाहर रखा जाता है। उन्होंने अप्रत्यक्ष सेंसरशिप पर भी चिंता जताई और कहा कि सरकारी विज्ञापनों पर प्रिंट मीडिया की निर्भरता अनुरूपता का दबाव पैदा करती है। मिर्जा ने कहा कि इन क्षेत्रों में समाचार पत्रों की आय का प्राथमिक स्रोत विज्ञापन राजस्व खोने का डर मीडिया संस्थानों में स्व–सेंसरशिप को जन्म देता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की सीमित उपस्थिति की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय टेलीविजन चौनलों की अनुपस्थिति के कारण प्रिंट मीडिया सूचना का प्रमुख स्रोत बन गया है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रभुत्व का उपयोग विशेष रूप से जम्मू–कश्मीर से संबंधित मुद्दों पर विचारों को गढ़ने और प्रतिवादों को दबाने के लिए किया

# समाधान दिवस सम्भव में समस्याओ को सुन किया निस्तारण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को रूबी प्रसाद अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद , की अध्यक्षता में



जनसुनवाई सम्भव दिवस का अयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 3, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 1, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबर में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 2, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ–सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र, द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है उक्त अवसर पर सदस्यगण एवं नगर पालिका कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

# अनियंत्रित बाइक बिजली के खंभे से टकराकर ब्रेकर पर गिरीं, मां बेटी की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बीजपुर मार्ग पर सोमवार को शाम करीब तीन बजे बखरिहवां ब्रेकर के पास अनियंत्रित होकर बाइक बिजली के खंभे से टकराकर ब्रेकर पर गिरीं जिससे मां बेटी की मौत हो गई। दोनों मां बेटी बखरिहवां एक शादी समारोह से घर वापस छत्तीसगढ़ लौट रही थी। जानकारी के अनुसार रामपति 70 पत्नी लालमन व बसंती 45 पत्नी रामप्यारे निवासी बजडा थाना बसंतपुर छत्तीसगढ़ की की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई।मृतक बसंती के लड़के देवबरन ने बताया कि नानी मेरी मां और मैं तीनों लोग बड़े पिता जी के यहां बखरिहवां शादी में गए थे। शादी संपन्न होने के बाद तीनों लोग बाइक से घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही बखरिहवां ब्रेकर के पास पहुंचे पीछे बैठीं मेरी नानी और मेरी मां डिसबैलेंस हो गई और बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई और दोनों लोग ब्रेकर पर गिर गई। घटना होते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल पीआरबी 112 और 108 एम्बुलेंस को सूचना दिए। सूचना पर पीआरबी और एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गए। दोनों मां बेटी को बभनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।मां और नानी की मौत की खबर लगते ही बेटा देवबरन की मुंह से आवाज नहीं निकल रही थी।वह दहाड़ मारकर रोने लगा।बेटे ने घटना की सूचना परिजनों को दे दी है, हालांकि खबर लिखे जाने तक परिवार के लोग नही पहुंच सके थे।बभनी सीएचसी के चिकित्सक डा वेदप्रकाश ने मृतकों का मेमो बभनी थाने में भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक बभनी डीपी यादव ने बताया कि घटना की सूचना बीजपुर थाने को दे दी गई है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा की जीत पर बलरामपुर में जश्न, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली सफलता के बाद जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। अटल भवन स्थित भाजपा कार्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर ढोल–नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ खुशी का इजहार किया गया। कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का उत्सव मनाया। सुबह से ही पार्टी कार्यालयों पर समर्थकों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी, जो देर शाम तक जश्न में डूबी रही। पूरे माहौल में उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि मिश्र ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री और पार्टी नेतृत्व की नीतियों के साथ–साथ कार्यकर्ताओं की




मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर अपनी मुहर लगाई है। पूर्व राज्यमंत्री एवं सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता यह दर्शाती है कि देश की जनता स्थिर और मजबूत नेतृत्व चाहती है। वहीं विधायक कैलाशनाथ शुक्ल ने कहा कि पार्टी ने हर वर्ग के विकास के लिए काम किया है, जिसका परिणाम चुनाव परिणामों में साफ दिख रहा है। नगर चेयरमैन डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने भी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा की योजनाओं से आम जनता को सीधा लाभ मिला है, इसी कारण लोगों का भरोसा पार्टी पर बढ़ा है। जश्न के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे लगाए। नेताओं ने कहा कि पार्टी आगे भी जनता की सेवा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती रहेगी।

इस मौके पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह, बृजेन्द्र तिवारी, वरुण सिंह मोनू, संजय शुक्ला, वंदना पासवान, जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह पिंकू, बिंदु विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस, जिला मंत्री ललिता तिवारी, अवधेश त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# टूटे विद्युत तार में फंसकर ऑटो पलटा, महिला की मौत, 6 घायल मौके पर पहुंची पुलिस राहत कार्य में लगी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। गोन्डा जनपद के इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई,जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा इटियाथोक कोतवाली क्षेत्र के गोंडा–बहराइच मार्ग पर गिलौली नवागांव के पास हुआ।लोगों द्वारा जानकारी करने पर बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के महेशभारी गांव निवासी मंजू अपने परिवार के साथ गुजरात से ट्रेन द्वारा गोन्डा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।वहां से उन्होंने अपने घर जाने के लिए ऑटो–रिक्शा बुक किया।रास्ते में 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन का तार टूटकर सड़क पर गिरा हुआ



था।ऑटो उसी तार में फंस गया,जिससे वह अनियंत्रित होकर पलट गया।हादसे में ऑटो में सवार 55 वर्षीय शांति देवी की दबकर मौके पर ही मौत हो गई।इस दुर्घटना में मंजू (58 वर्ष), उनके भाई चेतू तथा ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मालती देवी, सुमन, राधिका, शिवानी,शिवम,प्रिंस और दर्शन को मामूली चोटें आईं। सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए गोंडा मेडिकल कॉलेज भेजा गया,जहां उनका उपचार जारी है।सूचना मिलते ही इटियाथोक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों की मदद से पलटे ऑटो को सड़क से हटाकर किनारे किया गया, जिससे यातायात बहाल हो सका। वहीं, विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर टूटे हुए तार को हटाया।इटियाथोक प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्राथमिक जांच में बिजली के टूटे तार में फंसने से ऑटो पलटने की बात सामने आई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## मेडिकल कॉलेज के वार्ड में युवक का हंगामा, बाइक घुसाने से मची अफरा–तफरी

दैनिक बुद्ध का संदेश



बहराइच। जनपद के मेडिकल कॉलेज में उस समय अफरा–तफरी मच गई जब एक युवक अचानक बाइक लेकर वार्ड के अंदर घुस गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने वार्ड में घुसते ही हंगामा शुरू कर दिया, जिससे वहां मौजूद मरीजों और स्टाफ में दहशत फैल गई। बताया जा रहा है कि युवक का व्यवहार असामान्य था और वह तेज गति से बाइक चलाते हुए सीधे वार्ड तक पहुंच गया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। मरीजों के परिजन और अस्पताल कर्मी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में युवक की मानसिक स्थिति सामान्य न होने की आशंका जताई जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## भयंकर आंधी और बारिश से दिन में ही रात का माहौल, जन जीवन अस्त-व्यस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। गोन्डा जनपद में सुबह लगभग 10 बजे मौसम ने बदला मिजाज और भयंकर आंधी के साथ बारिश ने तापमान में तो गिरावट ला दी लेकिन शहर क्षेत्र में कई वृक्ष गिर गये।वहीं इस आंधी के कारण विद्युत सप्लाई भी बाधित रही।जनपद में 4 मई 2026 की सुबह




तेज आंधी और मूसलाधार बारिश हुई,जिससे दिन में ही अंधेरा छा गया। शहर क्षेत्र सहित कटरा बाजार,करनैलगंज, झंझरी और हलधरमऊ आदि क्षेत्रों में जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया,कई जगह पेड़ गिरे और बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।मौसम विभाग ने अगले 24–48 घंटों के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए तेज हवाओं की चेतावनी दी है।जिला आपदा विशेषज्ञ के मुताबिक़ जिले के कई ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है,जबकि अन्य क्षेत्रों में भी घने बादलों के कारण बारिश का अनुमान है।आपदा विशेषज्ञ ने सभी लोगों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी मिली है, जिसके मद्देनजर लोगों को एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने को कहा गया है।

# 51 लाख रुपये मूल्य के 251 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद, लोगों ने कहा थैंक्यू गोन्डा पुलिस

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोन्डा। गोन्डा जनपद में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 51 लाख रुपये मूल्य के 251 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों को उनके मालिकों को आज रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में लौटाया गया।एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि यह कार्रवाई सर्विलांस और साइबर सेल के संयुक्त अभियान का परिणाम है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के नेतृत्व में गोन्डा सर्विलांस सेल और साइबर सेल को गुम हुए मोबाइल फोन बरामद करने और पीड़ितों को वापस दिलाने का निर्देश दिया था।इन मोबाइलों के गायब होने की रिपोर्ट सीईआईआर पोर्टल और सर्विलांस सेल में दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर गोंडा साइबर सेल में



तैनात अमितेश सिंह, हृदय नारायण दीक्षित अंशुमन पांडेय और उनकी टीम ने पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक जायसवाल ने बताया कि साइबर सेल के अथक प्रयासों से ये 251 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 51 लाख रुपये है।उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी गोंडा सर्विलांस सेल ने बड़े पैमाने पर गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को वापस किए हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल फोन गुम होने पर तत्काल सर्विलांस सेल या नजदीकी थाने में सूचित करें।उन्होंने यह भी सलाह दी कि तुरंत टेलीकॉम कंपनी को फोन करके सिम बंद करवाएं ताकि उसका दुरुपयोग न हो सके। कोतवाली नगर के 21, थाना कोतवाली देहात के 16, थाना खरगूपुर के 15, थाना इटियाथोक के 6,थाना तरबगंज के 24, थाना नवाबगंज के 21,थाना वजीरगंज के 6, थाना उमरी बेगमगंज के 10,थाना मोतीगंज के 7, थाना करनैलगंज के 25, थाना कटरा बाजार के 7, थाना कौड़िया के 6, थाना परसपुर के 6, थाना धानेपुर के 15 थाना, थाना मनकापुर के 11,थाना छपिया के 7, थाना खोण्डारे के 14 और नोडल सर्विलांस टीम के द्वारा 34 कुल मिलाकर के 251 मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पेड़ से लटका मिला, इलाके में सनसनी

दैनिक बुद्ध का संदेश



बहराइच। जिले के नानपारा क्षेत्र अंतर्गत गोकुलपुर–चंदनपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना सुबह खेतों की ओर गए ग्रामीणों ने दी, जिसके बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना के बाद गांव में दहशत और शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## पयागपुर पुलिस को मिली सफलता: 4 लापता लड़कियां दिल्ली से सकुशल बरामद

दैनिक बुद्ध का संदेश

बहराइच/पयागपुर। जनपद की उत्तर प्रदेश पुलिस के अंतर्गत पयागपुर पुलिस ने एक संवेदनशील मामले में तेज कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। लापता हुई चार




लड़कियों को पुलिस टीम ने सकुशल बरामद कर लिया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, चारों लड़कियां अचानक घर से लापता हो गई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पयागपुर थाने में तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी फुटेज का सटीक विश्लेषण किया, जिसके आधार पर उनकी लोकेशन दिल्ली में ट्रेस हुई। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए समन्वय बनाते हुए बहराइच से दिल्ली तक ऑपरेशन चलाया। इस दौरान तकनीकी साक्ष्यों और जमीनी पड़ताल के आधार पर चारों लड़कियों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। बरामद लड़कियों में दो सगी बहनें भी शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि लड़कियां आधार कार्ड और नकदी लेकर घर से निकली थीं। पुलिस ने हर संभावित एंगल से मामले की जांच करते हुए त्वरित कार्रवाई की, जिसके चलते कम समय में पूरा घटनाक्रम स्पष्ट हो सका। इस सफल ऑपरेशन के बाद परिवार में खुशी का माहौल है, वहीं स्थानीय स्तर पर पुलिस की सक्रियता और मुस्तैदी की सराहना की जा रही है। जनपद पुलिस ने एक बार फिर साबित किया कि संवेदनशील मामलों में त्वरित प्रतिक्रिया और बेहतर समन्वय से प्रभावी परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

# भाजपा का पश्चिम बंगाल,असम और पांडिचेरी में जीत पर भाजपाइयों ने खुशी मनाकर किया मुंह मीठा



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पचपेड़वा नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा के अगुवाई में नई बाजार चौराहे पर भाजपा का पश्चिम बंगाल,असम और पांडिचेरी में जीत पर भाजपाइयों ने खुशी मनाकर किया एक दूसरे का मुंह मीठा किया। ढोल–नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ कार्यकर्ताओं ने एक–दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित जायसवाल ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री और पार्टी नेतृत्व की नीतियों तथा कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास,सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति पर मुहर लगाई है। चेयरमैन रवि वर्मा ने कहा कि भाजपा की पूरे भारत में बढ़ती लोकप्रियता यह साबित करती है कि देश की जनता अब स्थिर और मजबूत नेतृत्व चाहती है।पचपेड़वा नगर में जश्न, उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। उक्त अवसर पर गैसड़ी चेयरमैन प्रिंस वर्मा,नगर के सभासद रामविलास विश्वकर्मा,सभासद शशि कांत वर्मा,सभासद विक्की गुप्ता,प्रधान शंकरपुर सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सघन चेकिंग अभियान से बढ़ी सतर्कता, नियम उल्लंघन पर सख्ती

दैनिक बुद्ध का संदेश



बहराइच। बहराइच–लखनऊ मार्ग पर स्थित बेडनापुर कस्बे में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिससे पूरे क्षेत्र में हलचल बनी रही। चौकी प्रभारी हेमंत सिंह के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान वाहनों की गहन जांच की गई और यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के तहत बिना हेलमेट चलने वाले, सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा संदिग्ध वाहनों को विशेष रूप से चेक किया गया। पुलिस ने कई वाहन चालकों को रोककर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी। चौकी प्रभारी हेमंत सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा में लापरवाही किसी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, आवश्यक कागजात साथ रखें और सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएं, ताकि स्वयं के साथ–साथ दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। अभियान के दौरान पुलिस टीम की सक्रियता से कस्बे में जागरूकता का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर राहुल गुप्ता, सूरज चौधरी, जितेंद्र कुमार एवं रिक्रूट आरक्षी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में मकान में मिले युवक-युवतियां, एक हिरासत में

दैनिक बुद्ध का संदेश



बहराइच। शहर के कोतवाली नगर क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक–युवतियों के होने की सूचना पर मोहल्ला वासियों ने सक्रियता दिखाते हुए मकान का गेट बाहर से बंद कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मकान के अंदर तीन लड़के और दो लड़कियां मौजूद थीं। इस बीच दो युवक अपनी बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गए, जबकि एक युवक और दो लड़कियां मकान के अंदर ही रह गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, अन्य फरार युवकों की तलाश जारी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि सभी लोग वहां किस उद्देश्य से एकत्र हुए थे।

## घर में घुसकर दुष्कर्म का आरोप, पीड़िता ने वीडियो जारी कर लगाई न्याय की गुहार

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। थाना क्षेत्र के तुलसियापुर गांव में एक महिला ने युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता ने एक वीडियो जारी कर न्याय की गुहार लगाई है और संबंधित थाने पर कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उसका पति बिहार में रहकर काम करता है, जबकि वह गांव में अकेले रहती है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक उसके घर में घुस आया और जबरन दुष्कर्म किया। महिला का कहना है कि आरोपी युवक कस्बे में ब्यूटी पार्लर और सिलाई की दुकान चलाता है। पीड़िता ने बताया कि वह 24 अप्रैल को थाने पहुंची थी और शिकायत दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उसने सोशल मीडिया के जरिए वीडियो जारी कर प्रशासन से न्याय की मांग की है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## माटीकला के कारीगरो को मिलेगा निःशुल्क विद्युत चालित कुम्हारी चाक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत मिट्टी कार्य से जुड़े हुए परम्परागत कारीगरों द्वारा माटीकला से निर्मित वस्तुएं जैसे कुल्हण, परई, गिलास, थाली, गगरी आदि को बढावा देनें के उद्देश्य से उ०प्र० माटीकला बोर्ड द्वारा जीवन स्तर में सुधार एवं उनके आय में वृद्धि के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु विद्युत चालित चाक (इलेक्ट्रिक चाक) के निःशुल्क वितरण हेतु 35 का लक्ष्य प्राप्त हुआ हैं। जिसके के लिए आवेदन आनलाईन कर जमा करने की अन्तिम तिथि 25.05.2026 हैं। साथ ही मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनान्तर्गत जिनका ऋण बैंको द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 से 2025–26 तक वितरित हो चुका हैं वे भी अपना ऑनलाइन आवेदन पगमिल हेतु कर सकते हैं इसके पश्चात गठित कमेटी के द्वारा साक्षात्कार उपरान्त चयन की प्रक्रिया पूर्ण होगी। ऑनलाइन आवेदन नचउंजपांसंइवंतक.पद पर कर सकतें हैं सभी प्रपत्र की हार्ड कॉपी कार्यालय में किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं अधिक जानकारी हेतु जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम त्रिपाठी के सी०यू०जी० नम्बर 9580503175 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में मण्डलायुक्त पेयजल आपूर्ति, गड्ढों की मरम्मत व जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मण्डल राजेश प्रकाश ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत संचालित लैगशिप कार्यक्रमों एवं जन शिकायतों के निस्तारण की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। मण्डलायुक्त ने हर घर को नल से जल योजना की समीक्षा करते हुए विशेष रूप से निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान जहां–जहां गड्ढे खोदे गए हैं, उनकी मरम्मत संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा प्राथमिकता के आधार पर तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अधूरे कार्यों एवं सड़कों की खराब स्थिति के कारण आमजन को होने वाली असुविधा को गंभीरता से लिया जाए तथा इसे शीघ्र ठीक कराया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन गांवों में पेयजल आपूर्ति प्रारंभ हो चुकी है, वहां इसकी गुणवत्ता, नियमितता एवं प्रभावशीलता की जांच के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित की जाए। यह टीम गांवों का स्थलीय भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करेगी और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि निरीक्षण के लिए जाने वाली टीम अपने भ्रमण कार्यक्रम की पूर्व सूचना संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवश्य उपलब्ध कराए। मण्डलायुक्त ने कहा कि इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की जाएगी, जिसमें अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), अधिशासी अभियन्ता जल निगम तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए और उसका त्वरित निस्तारण किया जाए। बैठक में पेंशन योजनाओं की भी समीक्षा की गई, मण्डलायुक्त ने निर्देशत किया कि लाभार्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों की गंभीरता से जांच की जाए। यदि किसी आवेदन में कोई त्रुटि या कमी पाई जाती है, तो संबंधित आवेदक को तत्काल सूचित किया जाए, ताकि वह समय रहते सुधार कर सके और योजना का लाभ प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। मण्डलायुक्त ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने–अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ करें। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता एवं समयबद्धता दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए और शिकायतकर्ता को संतोषजनक समाधान प्रदान किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने मण्डलायुक्त को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर सभी विभाग समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाएंगे और जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## बार एसोसिएशन ने उठाई ट्रेन ठहराव की मांग, दुद्धी में जल्द होगी बड़ी पहल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। दुद्धी तहसील मुख्यालय पर एक्सप्रेस ट्रेनों की ठहराव को लेकर दुद्धी बार एसोसिएशन एवं सिविल बार एसोसिएशन सक्रिय हो गया हैं। ट्रेनों की ठहराव को लेकर द्वय बार अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय व रामलोचन तिवारी की टीम आज सोमवार को मंत्रण की और दुद्धी की जूनून मांगो को लेकर यह तय किया कि संयुक्त बार एसोसिएशन का प्रतिनिधि मंडल झारखण्ड के पलामू सांसद वीडी राम एवं यूपी सोनभद्र के सांसद छोटेलाल सहित राज्यमंत्री से मुलाक़ात करेगा और दुद्धी रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों की ठहराव की मांग मजबूती के साथ रखने का काम करेगा। द्वय अध्यक्षों ने बताया कि दुद्धी स्टेशन से कई ऐसे एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन हो रहा हैं जिनका ठहराव दुद्धी में नही हैं जबकि दुद्धी पुरानी तहसील, कचहरी सहित अन्य सरकारी कार्यालय मौजूद हैं।उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को सबसे अधिक राजस्व देने वाला दुद्धी तहसील मुख्यालय पर ट्रेनों का ठहराव नही होना चिंता का विषय हैं।

## पिकप ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर,तीन घायल दो रेफर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बीजपुर थाना क्षेत्र के बकरीहवा नधिरा मार्ग में धरतीडाँड़ में रविवार की रात में एक पिकप ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमे तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक बकरीहवा की ओर से घघरी जा रहे थे। धरतीडाँड़ के पास सामने से आ रही एक पिकअप, जिस पर डीजे लदा था, ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में घायल होने वालों में अंजानी निवासी विजय पुत्र राम अवध, अंजानी निवासी गोविंदा पुत्र संजय कुमार और सहगोड़ा बभनी निवासी जीतन पुत्र बागराज शामिल हैं। तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से बभनी अस्पताल पहुंचाया, जहाँ पर प्राथमिक इलाज के बाद दो घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।एक का इलाज चल रहा हैं। पुलिस ने पिकअप को कब्जे मे लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## डीजे पर डांस को लेकर भिड़े दो पक्ष, शांति भंग की आशंका में 12 गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। बीजपुर पुलिस ने शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले 12 अभियुक्तों को गिरतार किया है। यह विवाद डीजे पर डांस करने को लेकर शुरू हुआ था जो गाली–गलौज और मारपीट तक जा पहुँचा।रविवार की शाम थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी।इसी दौरान ग्राम झीलो में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली।पुलिस टीम जब मौके पर पहुँची, तो पाया कि प्रथम पक्ष राजकुमार आदि 07 लोग और द्वितीय पक्ष रामसरन आदि 05 लोग डीजे पर डांस करने की बात को लेकर आपस में उलझे हुए थे। पुलिस के समझाने–बुझाने के बावजूद दोनों पक्ष उग्र होकर एक–दूसरे के साथ गाली–गलौज और मारपीट करने पर आमादा थे।मौके पर बिगड़ते हालात और शांति व्यवस्था बनाए रखने के .ष्टिगत,पुलिस टीम ने दोनों पक्षों के कुल 12 लोगों को हिरासत में ले लिया।अभियुक्तों की गिरतारी बीएनएसएस की धारा के अंतर्गत की गई है।गिरतार अभियुक्तों में प्रथम पक्ष चेतवा गांव निवासी राजकुमार (42) राजेन्द्र प्रसाद (46) सतीश कुमार (18) आशीष कुमार (19)डेमा धरिकार (22) एवं रामसागर धरिकार (58)द्वितीय पक्ष महुली गांव के रामसरन (43) रोहित (23) विजय प्रकाश (22)विजेन्दर (32)नखडू (30) एवं राजेश (35) शामिल है।सभी अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के उपरांत माननीय न्यायालय दुद्धी भेज दिया गया है।

## असम की जीत में प्रभारी पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी का विशेष योगदान– अरविन्द पाल





दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। असम विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत से बस्ती में खुशी की लहर है। भाजपा नेता अरविन्द पाल के नेतृत्व में बनकटी कस्बे में विजय यात्रा निकालकर बंगाल, असम, पुण्डीचेरी में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर खुशियों को साझा किया गया। भाजपा के ऐतिहासिक जीत की खबर मिलते ही भाजपा नेता अरविन्द पाल के नेतृत्व में सीडीए एकेडमी से बनकटी बाजार तक विजय जुलूस निकाला और खुशियों को साझा किया। जुलूस में भाजपा के दिलीप पाण्डेय, विवेकानन्द शुक्ल, अच्युत पाण्डेय, परमात्मा यादव के साथ ही सैकड़ो शामिल रहे। विजय जुलूस में वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह ंत्री अमित शाह, असम प्रभारी हरीश द्विवेदी के चित्र की तख्तिया लेकर चल रहे थे। भाजपा नेता अरविन्द पाल ने कहा कि इस ऐतिहासिक विजय पर देशभर में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच उत्साह का माहौल है। खास तौर पर बस्ती की धरती से जुड़े वरिष्ठ नेता वर्ष 2024 से असम प्रदेश के प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का कार्य किया। यह प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविन्द पाल ने कहा कि हरीश द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपा ने असम में बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत की। कार्यकर्ताओं के बीच ऊर्जा और समर्पण का संचार करते हुए उन्होंने संगठन को एक नई दिशा दी। उनकी रणनीति का ही परिणाम है कि भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ता गया और चुनाव में इसका स्पष्ट असर देखने को मिला। इससे पहले भी हरीश द्विवेदी ने वर्ष 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई थी।

उस समय भाजपा ने मात्र 2 सीटों से बढ़कर 77 सीटों तक पहुंचकर एक ऐतिहासिक प्रदर्शन किया था। यह उपलब्धि उनके संगठन कौशल और रणनीतिक सोच का प्रमाण मानी जाती है। असम में भी उन्होंने दिन–रात मेहनत कर संगठन को हर वर्ग तक पहुंचाने का प्रयास किया। गांव–गांव, बूथ–बूथ तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर उन्होंने भाजपा के पक्ष में मजबूत माहौल तैयार किया। उनकी कार्यशैली में जमीनी संपर्क, कार्यकर्ताओं के साथ संवाद और स्पष्ट रणनीति की झलक देखने को मिलती है। भाजपा नेता अरविन्द पाल ने कहा कि बस्ती के लोगों के लिए यह गर्व का विषय है कि उनके क्षेत्र का एक नेता राष्ट्रीय राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। हरीश द्विवेदी की कार्यकुशलता और नेतृत्व क्षमता ने उन्हें पार्टी के भीतर एक प्रभावशाली स्थान दिलाया है। असम में भाजपा की इस जीत के बाद यह साफ हो गया है कि संगठन की मजबूती और सही रणनीति से किसी भी चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। आने वाले समय में हरीश द्विवेदी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस ऐतिहासिक जीत पर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

## घोरावल पुलिस ने चार वारंटियों को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में सोमवार को घोरावल कोतवाली पुलिस द्वारा चार वारन्टियों को गिरतार कर न्यायालय में पेश किया गया। ज्ञात हो कि कमला मौर्य पुत्र राम सखी मौर्य 70 वर्ष निवासी ग्राम भवना,पारस मौर्य पुत्र लक्ष्मण उम्र 55 वर्ष,सुजीत मौर्य पुत्र पारस उम्र 25 वर्ष,बबलू मौर्य पुत्र लक्ष्मण मौर्य 25 वर्ष निवासी गण ग्राम पड़री खुर्द मुडिलाडीह थाना घोरावल जनपद सोनभद्र के विरुद्ध न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण वारंट जारी कर दिया गया था। सोमवार को घोरावल कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटी को गिरतार कर चालान किया गया।इन लोगों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका, मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी, एससी एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला बिचारा धीन चल रहा था। उक्त सूचना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह के हवाले से प्राप्त हुआ।

## किरबिल में बेकाबू ट्रक घर में घुसा, तीन घायल. एक की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। म्योरपुर थाना क्षेत्र के किरबिल गांव के विषघरवा



टोले में मुर्धवा बिजपुर मार्ग पर सोमवार दोपहर उस समय अफरा–तफरी मच गई जब एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसा। हादसे में मकान क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर मौजूद तीन लोग घायल हो गए। घायलों में 65 वर्षीय सहदेव प्रसाद पुत्र हरदयाल, 45 वर्षीया चंपा देवी पत्नी रामाश्रय और4 वर्षीय विशाल पुत्र रामाश्रय शामिल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र म्योरपुर में भर्ती कराया गया। वहां तैनात चिकित्सक डॉ. शिशिर श्रीवास्तव ने प्राथमिक उपचार के बाद चंपा देवी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल महिला के पति रामाश्रय के अनुसार, सोमवार दोपहर बभनी की ओर से आ रहा ट्रक पेट्रोल पंप पर डीजल भरवाने के बाद सड़क किनारे खड़ा किया गया था। चालक लघुशंका के लिए उतर गया, लेकिन संभवतः हैंड ब्रेक नहीं लगाया। इसी दौरान ट्रक धीरे–धीरे आगे बढ़ा और सीधे उनके मकान में जा घुसा, जिससे यह हादसा हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और चालक की तलाश की जा रही है।

## बारिश और आंधी ने मचाई भारी तबाही,दर्जन भर गांव की बिजली गुल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। सोमवार की दोपहर अचानक बदले मौसम ने कोन क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी।



तेज आंधी के साथ हुई बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। आंधी की रतार इतनी तेज थी कि सड़क किनारे लगी गुमटियां के ऊपर की टीन सेट, पटरियो पर लगी अस्थायी दुकानो के की झुग्गी झोपड़ियां पलट गईं, जिससे छोटे दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज आंधी के चलते क्षेत्र के करीब दर्जन भर गांवों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई, जिससे ग्रामीणों को अंधेरे और गर्मी की परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर बिजली के तार और खंभे भी क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। आंधी का सबसे ज्यादा असर सड़क किनारे जीविका चलाने वाले गरीब दुकानदारों पर पड़ा। उनकी झुग्गी–झोपड़ियां और गुमटियों के बाहर लगे टीन शेड तेज हवाओं में उड़ कर क्षतिग्रस्त हो गए। कई दुकानों का सामान भी भीगकर खराब हो गया, जिससे उन्हें दोहरी मार झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों की माने तो, आंधी इतनी अचानक आई कि संभलने का मौका तक नहीं मिला। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर–उधर भागते नजर आए।

## मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मण्डल ने विकास कार्यों का किया व्यापक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। मण्डलायुक्त विन्ध्यांचल मण्डल राजेश प्रकाश ने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर उनकी प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा। मण्डलायुक्त ने 48 आईआर वाहिनी परिसर में टाइप–ए के 16 आवासों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग एवं तकनीकी मानकों का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने यू0पी0आर0एन0 एन0 उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण निगम के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर इसे पूर्ण किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में देरी पाई गई तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए उसे



ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। इसके साथ ही मण्डलायुक्त ने नवीन समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय भवन के निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं उपयोगिता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ग्राम पंचायत नई पहुंचे, जहां उन्होंने अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के रख–रखाव, साफ–सफाई, पेयजल एवं चारे की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पशुओं को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल एवं भूसा उपलब्ध कराया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि नेपियर घास की खेती को बढ़ावा देकर हरे चारे की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे गोवंश के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हो सके। मण्डलायुक्त ने पटवध पेयजल समूह योजना, हिन्दुआरी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गांवों में नियमित, स्वच्छ एवं निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जहां कहीं भी तकनीकी या संचालन संबंधी समस्याएं हों, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मण्डलायुक्त ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण करें, प्रगति की सतत समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि विकास कार्यों का लाभ समय पर आम जनता तक पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी श्री अजय कुमार मिश्रा, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने जनसुनवाई में जनसमस्या को सुना निस्तारण के दिये निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा' द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित 'जनसुनवाई/जनता दर्शन' कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



## विवाद में युवक की पिटाई,मुकदमा दर्ज

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के कोड्डा गांव में 20 अप्रैल को सिगरेट पीने से मना करने पर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया था।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर . चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कर लिया।उक्त गांव निवासी राघवेन्द्र शुक्ला 20 अप्रैल की रात को बाजार से अपने घर वापस लौट रहे थे। रास्ते में गांव के विकास कुमार सिगरेट पी रहा था।जब राघवेन्द्र ने उसे मना किया तब तो वह गाली–गलौज करने लगा।उसकी आवाज सुनकर उसके परिवार के राजेश, सुनीता और अंकिता लाठी–डंडे लेकर वहां पहुंच गए और राघवेन्द्र पर हमला कर दिया। इस हमले में पीड़ित की नाक पर गंभीर चोट आई।आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रकः– श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक– राजेश कुमार शर्मा
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458 9415163471, 9453824459 दैनिक बुद्ध का संदेश 9795951917,9415163471 @budhakasandesh budhakasandeshnews@gmail.com www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# दृश्यम 3 का धांसू टीजर जारी, जॉर्जकुट्टी को सता रहा अतीत का डर, क्या सच में रखी जा रही उन पर चोरी-छुपे नजर?



दृश्यम 3 का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है. मेकर्स ने मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की दृश्यम फ्रैंचाइजी के तीसरे भाग का टीजर जारी किया है, जो काफी दमदार है. आइए एक नजर डालते हैं टीजर पर... बुधवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया पर मलयाली फिल्म दृश्यम 3 का टीजर नए पोस्टर के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड किया और कैप्शन में लिखा, दृश्यम 3 ऑफिशियल टीजर जारी. दुनिया भर में रिलीज, 21 मई 2026. 1 मिनट 50 सेकंड का यह टीजर मोहनलाल की आवाज के साथ शुरू होता है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ एक सादा जीवन बिताने के बारे में बात करते हैंय तभी एक बिन बुलाया मेहमान परिवार में घुस आता है, जिसके पास उन्हें तबाह करने की ताकत है. जैसे–जैसे टीजर आगे बढ़ता है, जॉर्जकुट्टी अपनी जिंदगी की मुश्किलों के बारे में सोचता है और अपने परिवार को बचाने के लिए किए गए अपने कामों को मान लेता है. जब हम उसका चेहरा देखते हैं, तो यह साफ जाहिर होता है कि वह डरे और चिंतित हैं. वह अपना गुनाह कबूल करते है, और अपने मन पर छाए अपराध–बोध के भारी बोझ को जाहिर करते हुए कहते है, जिस दिन मेरा जन्म हुआ, उसी दिन से मैं लड़ाइयां लड़ता आ रहा हूं. मेरे पास ऐसा कोई नहीं था जिसे मैं अपना कह सकूं. सालों की कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद, मैंने अपने लिए एक परिवार बनाया. जब एक ऐसा पल आया जो इस परिवार को तोड़ सकता था, तो मैंने बिना एक पल भी सोचे–समझे कदम उठा लिया. किसी के द्वारा देखे जाने के अंदरूनी डर के साथ, टीजर एक बड़े प्लान के सामने आने का इशारा करता है. इसमें जॉर्जकुट्टी के परिवार वालों की झलक भी दिखाई देती है, जिसमें उसकी पत्नी और बेटियां भी शामिल हैं. इस फिल्म में मोहनलाल के अलावा मीना, अंसीबा हसन, एस्थर अनिल, आशा शरथ, सिद्दीकी, मुरली गोपी, साईकुमार और के.बी. गणेश कुमार शामिल हैं. ये सभी पिछली फिल्मों से अपनी–अपनी भूमिकाएं दोहराते दिखेंगे. दृश्यम 3 21 मई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो मोहनलाल के 66वें जन्मदिन के दिन ही है.

# जुनैद खान की एक दिन का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल, दूसरे दिन कमाए सिर्फ इतने

आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म एक दिन शुक्रवार को रिलीज हुई. इस रोमांटिक ड्रामा में जुनैद खान को साई पल्लवी के अपोजिट रोल में देखा गया. साई पल्लवी ने इस फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू किया है. इस फिल्म को लेकर काफी चर्चा थी. आमिर खान ने खुद इस फिल्म का प्रमोशन किया. लेकिन फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा है. फिल्म के रिव्यूज भी खराब थे. आइए जानते हैं दो दिनों में फिल्म ने कितना कलेक्शन कर लिया.

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने दूसरे दिन सिर्फ 1 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 1765



शोज मिले और 14.2 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगू तीनों भाषा में रिलीज हुई है.दूसरे दिन हिंदी में फिल्म ने 90 लाख कमाए. वहीं तमिल में 2 लाख और तेलेगू में 8 लाख कमाए.

फिल्म का टोटल कलेक्शन 2.15 करोड़ हो गया है. मालूम हो कि फिल्मके दूसरे दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियली सामने नहीं आए हैं.

फिल्म ने पहले दिन 1.15 करोड़ कमाए थे. फिल्म को 14.3 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली और फिल्म को 1961 शोज मिले थे. बता दें कि इस फिल्म के साथ रितेश देशमुख की राजा शिवाजी भी रिलीज हुई है और फिल्म को अच्छे रिव्यूज मिले हैं. राजा शिवाजी को मिल रहे पॉजिटिव रिस्पॉन्स का असर भी एक दिन पर पड़ा है.

फिल्म को सुनील पांडे ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म को आमिर खान ने प्रोड्यूस किया है. ये फिल्म 2016 में आई थाई फिल्म वन डे का रीमेक है. फिल्म में दिखाया गया कि एक आदमी अपनी कलीग के प्यार में पड़ता है लेकिन वो उससे अपनी फीलिंग बयां नहीं कर पाता है. वो उसके साथ रहना चाहता है सिर्फ एक दिन के लिए. और आखिर में उसकी वो विश भी पूरी होती है. एक दिन की भी कहानी ये ही है.

# मोहनलाल और ममूटी की पैट्रियट ने दुनियाभर में किया धमाका, दो दिन में 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार

सुपरस्टार मोहनलाल और ममूटी की फिल्म पैट्रियट ने दुनियाभर में तहलका मचा दिया है. फिल्म ने दो दिन में ही 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. ओवरसीज मार्केट में फिल्म धमाका कर रही है. आइए जानते हैं फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के बारे में.

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने वर्ल्डवाइड 50.23 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है.



ओवरसीज मार्केट में फिल्म ने 31.50 करोड़ कमा लिए हैं. फिल्म ने दूसरे दिन ओवरसीज मार्केट में 15 करोड़ की कमाई की.

बता दें कि फिल्म ने इंडिया में टोटल ग्रॉस 18.73 करोड़ कमाए. वहीं नेट 16.15 करोड़ कमाए. फिल्म ने पहले दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई में थोड़ी कमी देखने को मिली. फिल्म ने 6.15 करोड़ कमाए. फिल्म को पहले दिन 2636 शोज मिले. वहीं फिल्म को दूसरे दिन 2374 शोज मिले. अब रविवार को फिल्म की कमाई में इजाफा होने की उम्मीदें हैं.

फिल्म को शानदार रिव्यूज मिले हैं. अब रविवार को पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ का फायदा मिलने की उम्मीदें हैं. फिल्म में मोहनलाल और ममूटी की सुपरस्टार जोड़ी को भी पर्दे पर साथ देखने के लिए फैंस एक्साइटेड हैं. फिल्म का रनटाइम 2 घंटे 57 मिनट है. फिल्म में मोहनलाल और ममूटी के अलावा राजीव मेनन, नयनतारा, फहाद फासिल, रेवथी जैसे स्टार्स हैं. फिल्म को महेश नारायणन ने बनाया है. फिल्म सिर्फ मलयालम भाषा में रिलीज हुई है.

फिल्म सिर्फ मलयालम भाषा में रिलीज हुई है. फिल्म का म्यूजिक सुशीन श्याम ने कंपोज किया है. बता दें कि पैट्रियट के साथ फिल्म राजा शिवाजी, एक दिन जैसी फिल्में भी रिलीज हुई हैं. राजा शिवाजी को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. वहीं एक दिन का बॉक्स ऑफिस पर हाल बुरा है.

# अनुपमा की किंजल बनने वाली थी तुलसी की बेटी परी, निधि शाह ने खुद किया ये बड़ा खुलासा

टीवी एक्ट्रेस निधि शाह लगातार सुर्खियां बटोरती हुई नजर आ रही हैं. अनुपमा में किंजल की भूमिका निभाकर घर–घर में अपनी पहचान बनाने वाली निधि शाह ने हाल ही में एक मजेदार किस्सा शेयर किया है.

निधि शाह ने खुलासा किया कि उन्हें स्मृति ईरानी के शो



क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में तुलसी की बेटी परी का रोल निभाने के लिए चुना गया था. निधि ने इस बारे में बात करते हुए कहा,मुझे तुलसी की बेटी का किरदार निभाना था.

लेकिन किसी वजह से बात नहीं बन पाई. इसलिए हमें अलग रास्ते को चुनना पड़ा. स्मृति जी सच में एक लीजेंड हैं. बचपन में यहां तक कि जब मैं बहुत छोटी थी, तब भी मैं अपने परिवार के साथ क्योंकि सास भी कभी बहू थी देखा करती थी और आज भी वो पल मुझे याद है.

उनका टीवी पर वापसी करना काफी बड़ी और खास बात है. स्मृति ईरानी के कमबैक करने की खबर ने खूब सुर्खियां बटोरी. 2000 में इस शो का टेलीकास्ट हुआ था. इस शो के जरिए स्मृति ईरानी को घर–घर में पहचान मिली थी.तुलसी का कैरेक्टर इंडियन टेलीविजन के इतिहास के सबसे यादगार किरदारों में से एक माना जाता है.

ऐसे में क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 से दर्शकों की उम्मीद बहुत ज्यादा है. मालूम हो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में निधि ा को जिस कैरेक्टर के लिए चुना गया था, वो शगुन शर्मा प्ले कर रही हैं. आपको बता दें अनुपमा में किंजल के रोल में निधि शाह को खूब पसंद किया जाता था. लेकिन, डेढ़ से दो साल पहले उन्होंने शो को अलविदा कह दिया. उनके शो छोड़ने के पीछे की वजह रुपाली गांगुली संग अनबन को बताया गया था.

# गर्मियों में ब्लूबेरी से बने ये 5 पेय बुझाएंगे आपकी प्यास, देंगे भरपूर ताजगी



ब्लूबेरी एक ऐसी बेरी है, जो स्वाद में लाजवाब होने के साथ–साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें विटामिन–सी, विटामिन–के, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। इस लेख में हम आपको ब्लूबेरी से बनाए जाने वाले कुछ पेय की रेसिपी बताएंगे, जो गर्मियों के लिए बेहतरीन हैं और इन्हें बनाना आसान है। इन पेय को बनाकर आप अपने परिवार और दोस्तों को खुश कर सकते हैं। ये आपको भरपूर ताजगी भी प्रदान करेंगे।

ब्लूबेरी और पुदीने का ठंडा पेयः ब्लूबेरी और पुदीने का ठंडा पेय एक ताजगी भरा विकल्प है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले कुछ ताजा ब्लूबेरी को पीस लें, फिर इसमें थोड़ी पुदीने की पत्तियां डालकर अच्छे से पीसें। अब इस मिश्रण को छानकर इसमें ठंडा पानी मिलाएं और स्वादानुसार चीनी डालें। अंत में इसमें बर्फ के टुकड़े डालकर परोसें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि पाचन के लिए भी फायदेमंद है। इसे पीने से आपको हाइड्रेटेड भी महसूस होगा।

ब्लूबेरी और नारियल पानी का शेकः ब्लूबेरी और नारियल पानी का शेक एक पौष्टिक पेय है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ ताजा ब्लूबेरी को पीस लें, फिर इसमें नारियल पानी डालकर अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक गिलास में डालकर ऊपर से थोड़ा घिसा हुआ नारियल डालें और बर्फ के टुकड़े डालें। यह शेक न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व आपके शरीर को ताजगी भरी ऊर्जा देंगे।

ब्लूबेरी और दही की लस्सीः ब्लूबेरी और दही की लस्सी एक पारंपरिक भारतीय पेय है, जिसे आप नए अंदाज में बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले दही को मथकर उसमें पिसी हुई चीनी मिलाएं। इसके बाद इसमें पिसी हुई ब्लूबेरी डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण को लंबे गिलास में डालकर ऊपर से थोड़ा इलायची पाउडर छिड़कें और बर्फ के टुकड़े डालें। यह पेय न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि पाचन के लिए भी फायदेमंद है।

ब्लूबेरी और अदरक का ठंडा पेयः ब्लूबेरी और अदरक का ठंडा पानी एक स्वास्थ्यवर्धक पेय है, जिसे आप आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले कुछ ताजा ब्लूबेरी को मसलकर पानी में डालें, फिर इसमें थोड़ी–सी कद्दूकस की हुई अदरक मिला दें। अब इस मिश्रण को कुछ देर के लिए ठंडा होने के लिए रख दें, ताकि इसका स्वाद अच्छे से मिल जाए। यह पेय आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करेगा और आपको ताजगी भरी ऊर्जा देगा।

ब्लूबेरी और संतरे का रसः ब्लूबेरी और संतरे का रस एक ताजगी भरा पेय है, जिसे आप किसी भी समय पी सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले संतरे का रस निकाल लें और उसमें कुछ पिसी हुई ब्लूबेरी मिला दें। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिलाएं, ताकि सारे तत्व अच्छे से मिल जाएं। अंत में इसमें बर्फ के टुकड़े डालें और ठंडा–ठंडा परोसें। यह रस न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि विटामिन–सी से भरपूर भी है।